


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 131 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, शनिवार 26 फरवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




### बजट-2022: पीएम मोदी ने बताया सरकार का लक्ष्य

# हेल्थकेयर सिस्टम में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हेल्थकेयर सेक्टर को लेकर आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये बजट बीते 7 साल से हेल्थकेयर सिस्टम को रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करने के हमारे प्रयासों को विस्तार देता है। हमने अपने हेल्थकेयर सिस्टम में एक समग्र दृष्टिकोण को अपनाया है। आज हमारा फोकस हेल्थ तो है ही, कल्याण पर भी उतना ही अधिक ध्यान केंद्रित है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने तीन बिंदुओं में अपना लक्ष्य बताया।

पीएम मोदी ने कहा कि जब हम हेल्थ सेक्टर में समग्रता की बात करते हैं, तो इसमें तीन फैक्टर्स का समावेश कर रहे हैं। पहला, आधुनिक चिकित्सा विज्ञान से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और ह्यूमेन रिसोर्स का विस्तार। दूसरा, आयुष जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान को प्रोत्साहन करना और तीसरा आधुनिक और भविष्य की तकनीक के माध्यम से देश के हर व्यक्ति, हर हिस्से तक बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं पहुंचाना। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हेल्थ सर्विस की डिमांड बढ़ रही है, उसके अनुसार ही हम स्किल्ड हेल्थ प्रोफेशनल्स तैयार करने का भी प्रयास कर रहे हैं इसलिए बजट में हेल्थ एजुकेशन और हेल्थकेयर से जुड़े ह्यूमेन रिसोर्स डेवलपमेंट के लिए पिछले साल की तुलना में बड़ी वृद्धि की गई है।



### भारतीय तकनीक का लोहा दुनिया ने माना

बेविनार को आगे संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना टीकाकरण में कोविन जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से हमारी डिजिटल तकनीक का लोहा पूरी दुनिया ने माना है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, कंज्यूमर और हेल्थकेयर प्रोवाइडर के बीच एक आसान इंटरफेस उपलब्ध कराता है। इससे देश में उपचार पाना और देना, दोनों बहुत आसान हो जाएंगे।

### स्वास्थ्य सुविधाओं से दूरी न रहे

मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि क्रिटिकल हेल्थकेयर सुविधाएं ब्लॉक स्तर, ज़िला स्तर और गांवों के नजदीक हों। इस इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाए रखना और समय-समय पर अपग्रेड करना जरूरी है। इसके लिए प्राइवेट सेक्टर और दूसरे सेक्टर्स को भी ज्यादा ऊर्जा के साथ आगे आना होगा।

### हेल्थकेयर नेटवर्क सशस्त बनेगा

प्रधामंत्री ने कहा कि प्राइमरी हेल्थकेयर नेटवर्क को सशक्त करने के लिए डेढ़ लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के निर्माण का काम भी तेजी से चल रहा है। अभी तक 85,000 से अधिक सेंटर रुटीन चेकअप, वैक्सीनेशन और टेस्ट की सुविधा दे रहे हैं। इस बार के बजट में इनमें मेन्टल हेल्थकेयर की सुविधा भी जोड़ी गई है।

### आयुष की भूमिका को दुनिया ने सराहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आयुष की भूमिका तो आज पूरी दुनिया मान रही और इसकी जमकर सराहना की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन भारत में अपना विश्व का एकमात्र ग्लोबल सेंटर ऑफट्रेडिशनल मेडिसिन शुरू करने जा रहा है।

### प्रतिबंध पर अमेरिका को रूस की धमकी

# 500 टन वजनी आईएसएस को भारत या चीन पर गिरा देगा



**मास्को (एजेंसी)।** यूक्रेन पर हमला बोलने के बाद रूस कई तरह के प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। ऐसे में अमेरिका ने रूस पर कुछ ऐसे प्रतिबंध लगाए हैं, जो उसके अंतरिक्ष कार्यक्रमों की रफ्तार को धीमा कर सकते हैं। इस बीच रूस ने एक बार फिर से दुनिया और विशेष तौर पर अमेरिका को धमकी दी है। रूस ने कहा है कि, अगर वह इस तरह से प्रतिबंध जारी रखेगा तो, वह अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) को यूरोप या संयुक्त राज्य पर गिरा देगा।

दरअसल, वर्तमान में आईएसएस पर अमेरिका, रूस और जर्मनी जैसे कई देश मिलकर काम कर रहे हैं। इसके तहत चार अमेरिकी, दो रूसी और एक जर्मन अंतरिक्ष यात्री माइक्रोग्रैविटी में साथ-साथ काम कर रहे हैं। अमेरिका की ओर से प्रतिबंधों की घोषणा के बाद रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के प्रमुख दमित्री रोगोजिन का बयान सामने आया है। उन्होंने ट्वीट करके अमेरिका को साफलहजे में धमकी दी है। रोगोजिन ने ट्वीट में लिखा है, यदि आप हमारे साथ सहयोग रोकते हैं तो आईएसएस अनियंत्रित होकर कहीं भी गिर सकता है। विशेष तौर पर यह यूरोप या अमेरिका में गिर सकता है।

### रूस को मनाने नासा आया सामने

रूस की अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा स्पेस स्टेशन गिराने की धमकी के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का बयान सामने आया है। नासा ने कहा है कि नए प्रतिबंध दोनों देशों के बीच अंतरक्षि सहयोग को खतरे में नहीं डालेंगे। हमारे साझा अंतरिक्ष कार्यक्रम में बदलाव की कोई योजना नहीं है।

### भारत-चीन पर गिराने का भी है विकल्प

दिमित्री रोगोजिन ने अपने दूसरे ट्वीट में लिखा है कि, हमारे पास इस 500 टन के ढांचे को भारत और चीन में गिराने का भी विकल्प खुला हुआ है। क्या आप उन्हें ऐसी संभावना से धमकाना चाहते हैं? आईएसएस रूस के ऊपर से नहीं उड़ता है। ऐसे में प्रतिबंध लगाने से पहले आप जान लें कि आपको क्या करना है?

### बाइडेन ने लगाए थे कई प्रतिबंध

यूक्रेन मसले पर अमेरिका ने रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए हैं। हाल ही में अमेरिका ने नए प्रतिबंधों के तहत प्रौद्योगिकी निर्यात को रोक दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि, नए प्रतिबंध रूस की सैन्य और एयरोस्पेस क्षेत्र में आगे बढ़ने की क्षमता को सीमित करेंगे।

### एक फुटबाल के मैदान जैसा है आईएसएस का आकार

पृथ्वी के करीब 400 किलोमीटर ऊपर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन को स्थापित किया जा रहा है। इस स्पेस स्टेशन का वजन करीब 500 टन है और यह एक फुटबाल के मैदान जैसे आकार का है। ऐसे में अगर यह अनियंत्रित होकर कहीं भी गिरेगा तो भारी तबाही होगी। वहीं रूस, अमेरिका और जर्मनी इस पर मिलकर काम कर रहे हैं।

## खास-खबर



### मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक राज अधिवेशन में शामिल होने का मिला न्योता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, तिल्दा राज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 06 मार्च 2022 को तिल्दा क्षेत्र के ग्राम-छतौद में आयोजित होने वाले समाज के वार्षिक राज अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का न्योता दिया। मुख्यमंत्री बघेल ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए वार्षिक सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु प्रतिनिधिमंडल को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, तिल्दा राज के संरक्षक अनिल नायक व देवव्रत नायक, राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा, दौलत धुरंधर, ओम प्रकाश वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


### ताम्रध्वज साहू ने एआईसीसी के राष्ट्रीय ओबीसी विभाग के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**भिलाई।** ऑल इण्डिया कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपना इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने एआईसीसी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी को सम्बोधित करते हुए अपना इस्तीफा एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल को 12 फरवरी, 2022 को सौंप दिया है। उन्होंने ट्विटर हैंडल पर ट्विट कर जानकारी दी। बता दें कि ताम्रध्वज साहू छत्तीसगढ़ सरकार में वर्तमान मं गृह मंत्री के रूप में काम कर रहे हैं। साल 2018 में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने ताम्रध्वज साहू को जिम्मेदारी सौंपते हुए कांग्रेस ओबीसी विभाग का अध्यक्ष बनाया था। उस समय ताम्रध्वज साहू दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद थे, तब उन्हें पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया था।



### अमेरिका ने दिया यूक्रेन छोड़ने का ऑफर

# राष्ट्रपति बोले- गद्दारी नहीं करूंगा, हथियार चाहिए-गाड़ी नहीं



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** 15 अगस्त, 2021...यानि जब अफगानिस्तान पर तालिबान ने हमला किया था, तो राष्ट्रपति अशरफ गनी सबसे पहले देश छोड़कर भाग निकले थे। उन्हें यूएई ने शरण दी थी। लेकिन दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति वेलोडिमीर जेलेंस्की हैं। जिन्होंने यह जानते हुए भी घुटने टेकने से इंकार कर दिया है कि, उनकी सेना ज्यादा देर तक रूस को रोक कर नहीं रख पाएगी। जेलेंस्की ने यूक्रेन की हिफाजत के लिए अमेरिका के आए उस ऑफर को भी ठुकरा दिया है, जिसमें उन्हें सुरक्षित निकालने की पेशकश की गई थी।

वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने रूसी हमले के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वेलोडिमीर जेलेंस्की को देश से निकालने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, जेलेंस्की ने इसके लिए मना कर दिया है। उन्होंने कहा है कि, उन्हें लड़ने के लिए हथियार चाहिए, गाड़ी नहीं।

### अमेरिका ने पहले से दिया था प्रस्ताव

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के निदेकश विलियम जे.बर्न्स ने जनवरी में जेलेंस्की से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चेतावनी दी थी। इसके बाद रूस की ओर से हुआ घटनाक्रम तेजी से बढ़ा और अब कीव पर कब्जे की लड़ाई अंतिम चरण तक आ पहुंची है। इस लड़ाई के बीच अमेरिकी सरकार की ओर से कहा गया है कि, अमेरिका जेलेंस्की को कभी भी यूक्रेन से निकालने के लिए तैयार है। ताकि, उनको रूसी सैनिकों द्वारा पकड़े जाने या मारे जाने से बचाया जा सके।

### हिट लिस्ट में पहले नंबर पर जेलेंस्की

जेलेंस्की ने इस वीडियो से पहले भी एक वीडियो जारी किया था, कि वह रूसी सैनिकों की हिट लिस्ट में हैं और टारगेट नंबर वन हैं। वह आगे कहते हैं कि टारगेट नंबर टू उनका परिवार है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने पहले ही जेलेंस्की को आगाह कर दिया था कि वह टारगेट पर हैं और जनवरी से ही रूसी हिट टीमें यूक्रेन में थीं।

### जेलेंस्की का सामने आया वीडियो

अमेरिका की ओर से इस प्रस्ताव के बीच जेलेंस्की ने एक वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने संदेश दिया है, कि वह यूक्रेन की आजादी के लिए अंत तक लड़ेंगे। वीडियो में वह कहते हैं कि, हम सब यहां हैं। हमारी सेना यहां है। सभी नागरिक यहां हैं। हम सब यहां अपनी आजादी, अपने देश की रक्षा कर रहे हैं, और इसी तरह करते रहेंगे।

# ब्रिटेन में होने वाले बहुदेशीय युद्धाभ्यास में शामिल नहीं होगी वायुसेना, यूक्रेन जंग के कारण भारत का फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन जंग के चलते भारतीय वायुसेना ने ब्रिटेन में होने वाले बहुदेशीय युद्धाभ्यास (Cobra Warrior 2022) में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। वायुसेना के विमान इस हवाई अभ्यास में हिस्सा नहीं लेंगे।



कोबरा वॉरियर 2022 का आयोजन 6 से 27 मार्च तक ब्रिटेन के वैडिंगटन में होने वाला है। भारतीय वायुसेना ने शनिवार को ट्वीट कर इस फैसले की जानकारी दी। इससे पहले वायुसेना ने इस सैन्य अभ्यास में अपने पांच लड़ाकू विमान भेजने का फैसला किया था। हालांकि वायुसेना ने यह नहीं बताया है कि वह कोबरा वॉरियर 2022 में क्यों भाग नहीं लेगी, लेकिन समझा जा रहा है कि यूक्रेन में जारी जंग को देखते हुए यह फैसला किया गया है।

# छत्तीसगढ़ में मिले कोरोना के 216 नए मामले एक की मौत, अब राज्य में 1961 सक्रिय केस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना के मामलों में गिरावट तो आई है लेकिन यह वायरस पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को कोविड-19 के 216 मामले सामने आए। इसी के साथ राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या 11,50,539 हो गई है। वहीं पिछले 24 घंटे में एक शख्स की मौत हो गई।



### राज्य में कोरोना के 1,961 सक्रिय केस

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी कि राज्य में कोरोना से मरने वालों की संख्या 14,024 हो गई है। उन्होंने कहा कि 34 लोगों को अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई और दिन के दौरान 281 लोगों ने घर पर आइसोलेशन पूरा कर लिया। अब राज्य में कोरोना के 1,961 सक्रिय केस हैं। वहीं कोविड से स्वस्थ हुए लोगों की संख्या 11,34,554 तक पहुंच गई।

### सबसे ज्यादा रायपुर में मिले कोरोना केस

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को रायपुर में 37 मामले दर्ज किए गए, इसके बाद बेमेतरा 35, बिलासपुर 30, बलरामपुर 12, राजनांदगांव नौ, रायगढ़ आठ, सरगुजा सात, कोरिया छह, दुर्ग पांच और कोरबा चार, अन्य जिलों में दर्ज किए गए। साथ ही अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को 24,333 नमूनों की जांच की गई। वही अब तक छत्तीसगढ़ में 1,70,52,314 लोगों का कोरोना परीक्षण हो चुका है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी कि दैनिक मामलों में प्रति 100 नमूनों में पॉजिटिव दर 0.89 फीसदी रही।

# निलंबित आईपीएस को हाईकोर्ट से नहीं मिली बेल जेल में ही रहेंगे जीपी सिंह, राजद्रोह का दर्ज है केस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के चर्चित निलंबित आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। आय से अधिक संपत्ति मामले में गिरफ्तार सस्पेंड एडीजी जीपी सिंह की अंतरिम जमानत की याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। शासन के अधिवक्ता ने जीपी को अंतरिम जमानत देने पर आपत्ति जताई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सिंगल बेंच ने निलंबित आईपीएस अधिकारी के अंतरिम जमानत की याचिका को खारिज कर दिया।

निलंबित एडीजी जीपी सिंह की अंतरिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई है। आय से अधिक संपत्ति और राजद्रोह के मामले में जीपी सिंह रायपुर के केंद्रीय जेल में हैं। 1 जुलाई 2021 की सुबह 6 बजे एसीबी-ईओडब्ल्यू की 6 टीमों ने रायपुर, राजनांदगांव और ओडिशा में उनके सहयोगियों समेत उनके सभी ठिकानों पर छापा मारा था, जिसमें 10 करोड़ की चल-अचल संपत्ति का खुलासा हुआ था। इसके अलावा छापे के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज भी मिले थे, जिसके आधार पर रायपुर कोतवाली में ढ्क्क जीपी सिंह पर राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस ने चालान कोर्ट में पेश कर दिया है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर में अनुपातहीन संपत्ति और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जीपी पर केस दर्ज है।



### सिंगल बेंच में हुई मामले की सुनवाई

निलंबित एडीजी जीपी सिंह के अधिवक्ता आशुतोष पांडेय ने रायपुर की अदालत से जमानत खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। रेगुलर बेल के साथ ही अंतरिम बेल की भी मांग की गई थी। शुक्रवार को जस्टिस दीपक तिवारी की सिंगल बेंच में अंतरिम जमानत आवेदन पर सुनवाई हुई। अधिवक्ता ने तर्क पेश करते हुए बताया कि जीपी को पुलिस रिमांड में रखकर पूछताछ की जा चुकी है। उन्होंने एसीबी की जांच में पूरा सहयोग दिया है। जरूरत पड़ने पर वह हमेशा उपलब्ध हैं। उन्हें आय से अधिक संपत्ति के मामले में जवाब व दस्तावेज पेश करने के लिए कहा गया है, लेकिन जेल में रहने के कारण वे जवाब नहीं दे पा रहे हैं। उन्हें फार्म 1,2,3 जमा करने के साथ ही संपत्ति संबंधी अन्य दस्तावेज व अपना जवाब पेश करने मौका नहीं दिया गया है। उन्हें एसीबी के समक्ष जवाब पेश करना है, लिहाजा उन्हें केस की अंतिम सुनवाई तक अंतरिम जमानत दी जाए।

### हरियाणा के गुरुग्राम से हुई थी गिरफ्तारी

जीपी सिंह की गिरफ्तारी हरियाणा के गुरुग्राम से 11 जनवरी को हुई थी। उन्हें एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद रायपुर कोर्ट में पहली बार 12 जनवरी को जीपी को पेश किया गया था, सुनवाई के बाद कोर्ट ने पुलिस को दो दिन की रिमांड दी थी। इसके बाद दो दिन की रिमांड पूरी होने पर 14 जनवरी को फिर पेश किया गया था। इस दिन कोर्ट ने चार दिन और रिमांड अवधि बढ़ा दी। रिमांड पूरी होने पर जीपी सिंह को रायपुर कोर्ट में विशेष न्यायाधीश लीना अग्रवाल के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया गया। जीपी सिंह ने इस पूरे मामले को राजनीतिक षड़यंत्र बताया था, जिसके बाद से प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस के बीच सियासत भी तेज हो गई है।

# प्रतिबंधों का असर: अरबपतियों को एक दिन में हुआ तीन लाख करोड़ रुपये का घाटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन की बीच युद्ध जारी है। यह संघर्ष जहां आम लोगों पर भारी पड़ रहा है, वहीं अमीरों को भी भारी नुकसान करा रहा है। इस युद्ध का सबसे ज्यादा असर रूसी अरबपतियों पर पड़ रहा है। जी हां, एक रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति ने जैसे ही यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई का एलान किया, जिसके बाद अमेरिका समेत कई देश रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने लगे। इसके चलते शेयर बाजार भरभराकर गिर गया और एक दिन में ही रूसी अरबपतियों को 39 अरब डॉलर (करीब 3 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान उठाना पड़ा।

शेयर बाजार के बुरी तरह टूटने के साथ ही रूसी करेंसी रूबल ने भी अपना सर्वकालिक निचला स्तर पाया था। गौरतलब है कि शेयर बाजार के इतिहास में यह गिरावट साल 1987 के ब्लैक मंडे दुर्घटना के बाद सबसे बड़ी रही। ब्लैक मंडे को निवेशकों को 50 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ था। इस रिपोर्ट में कहा गया कि रूस के शेयर बाजार में आई ये बड़ी गिरावट देश का स्टॉक इंडेक्स इतिहास के सबसे बुरे दिनों में से एक है।



### इन रूसी अरबपतियों को लगा तगड़ा झटका

रिपोर्ट के मुताबिक, लुकोइल के अध्यक्ष वागिट अलेपेरोव को एक दिन में सबसे अधिक घाटा हुआ है उनकी नेटवर्थ में एक दिन में लगभग एक तिहाई की गिरावट आई। जो लगभग 6.2 अरब डॉलर घट गई। मॉस्को स्थित तेल उत्पादक के शेयर गुरुवार को लगभग 33 फीसदी तक गिर गए थे। इसके बाद स्टीलमेकर सेवरस्टल के चेयरमैन एलेक्सी मोर्दशोव को गुरुवार को 4.2 अरब डॉलर का नुकसान हुआ, जिससे उनकी संपत्ति 23 अरब डॉलर रह गई। इसके बाद नोरिल्स्क निकेल के अध्यक्ष और वर्तमान में रूस के सबसे बड़े रईस व्लादिमिर पोतानिन को 3 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।

## संपादकीय

# भारत के शांति प्रयास

यूक्रेन की राजधानी कीव और अन्य इलाकों से सुनाई देने वाले धमाकों की आवाज लगातार तेज होती जा रही है। जब रूस की लगातार बढ़ती आक्रामकता के बीच शांति का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की। समस्या युद्ध के बजाय बातचीत और राजनय से सुलझाई जाए, यह भारत का पुराना स्टैंड है, जिसे भारत ने कुछ दिनों पहले संयुक्त राष्ट्र में भी व्यक्त किया था। प्रधानमंत्री ने इसी पक्ष को रूसी राष्ट्रपति पुतिन के सामने भी दोहराया है। भारत सरकार की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा है कि रूस और नाटो के बीच जो मतभेद हैं, उन्हें पूरी ईमानदारी और गंभीरता के साथ की गई वार्ता के जरिये सुलझाया जा सकता है। इसका अर्थ है कि भारत सिर्फ इस मामले को रूस बनाम यूक्रेन के रूप में ही नहीं देख रहा, बल्कि उस व्यापक कारण को भी खत्म करना चाहता है, जो इस युद्ध की जड़ में हैं। हालांकि, इसे लेकर यूक्रेन जरूर थोड़ा निराश हुआ है। दिल्ली में यूक्रेन के राजदूत इगोर पोलिखा ने यह निराशा खुलकर व्यक्त भी की है। उनका कहना है कि भारत चाहे, तो यह युद्ध रुकवा सकता है। इसे हमें इस रूप में भी देखना चाहिए कि पूर्वी यूरोप के ताजा विवाद में भारत से कितनी उम्मीदें बांधी जा रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी कहा है कि उनका देश समस्या को लेकर भारत के संपर्क में है। उधर यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के सचिव ने भी इसे लेकर भारतीय विदेश मंत्री से बात की है। युद्ध की इस समस्या के बीच भारत अपनी एक दूसरी परेशानी को दूर करने में लगा है। इसके 20 हजार से ज्यादा छात्र इस समय युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे हुए हैं। एयरस्पेस बंद होने के कारण इन भारतीयों को विमान के जरिये वहां से निकालना संभव नहीं हो पा रहा। कोशिश यह चल रही है कि इन छात्रों को जमीनी रास्ते से वहां से निकाला जाए। यह तभी हो सकता है जब यूक्रेन और रूस, दोनों ही इसके लिए भारत से सहयोग करें। इस मामले पर भी प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से बात की है और वहां से उन्हें सहयोग का आश्वासन भी मिला है। इस बातचीत के बाद रक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी में भी इन छात्रों को वहां से लाने को प्राथमिकता देने की बात की गई है। इस युद्ध में भारत से जो उम्मीद बांधी गई है, उसने कुछ धर्मसंकट भी खड़े किए हैं। भारत एक ऐसा देश है, जिसके अमेरिका से भी अच्छे संबंध हैं, रूस से भी और यहां तक कि यूक्रेन से भी। जब ऐसे हालात हों, तो आप किसी एक का पक्ष नहीं ले सकते। फिर जिन कारणों से इस युद्ध की नौबत आई है, वे हमारे नियंत्रण में नहीं हैं। यह तर्क दिया जा सकता है कि रूस ने यूक्रेन की संप्रभुता का उल्लंघन किया है, इसलिए हमें उसका विरोध करना चाहिए। लेकिन इराक, ईरान, यूगोस्लाविया, लीबिया वगैरह में ऐसे बहुत से मौके आ चुके हैं, जब अमेरिका ने इनकी संप्रभुता का उल्लंघन किया था। फिर यह मामला अब उस मोड़ पर पहुंच चुका है, जहां सिर्फ नैतिक स्टैंड लेकर कुछ हासिल कर पाना संभव नहीं है। इसलिए यहां मध्यस्थ की एक सीमित भूमिका की ही गुंजाइश बचती है। फिलहाल भारत इसी की कोशिश कर रहा है। भारत और इसके जैसे अन्य उदार देश यदि अब भी कोई शांतिपूर्ण समाधान निकाल सकें, तो दुनिया के लिए बड़ी बात होगी।

> “ युद्ध की इस समस्या के बीच भारत अपनी एक दूसरी परेशानी को दूर करने में लगा है। इसके 20 हजार से ज्यादा छात्र इस समय युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे हुए हैं। एयरस्पेस बंद होने के कारण इन भारतीयों को विमान के जरिये वहां से निकालना संभव नहीं हो पा रहा। कोशिश यह चल रही है कि इन छात्रों को जमीनी रास्ते से वहां से निकाला जाए। यह तभी हो सकता है जब यूक्रेन और रूस, दोनों ही इसके लिए भारत से सहयोग करें।






> “ पूर्व सिविल अधिकारी, जो सेवानिवृत्ति के समय अपर सचिव, भारत सरकार की श्रेणी में थे। श्री भट्टाचार्य ने प्रेसीडेंसी कॉलेज, कलकत्ता विश्वविद्यालय और भारतीय सांख्यिकी संस्थान में अर्थशास्त्र का अध्ययन किया और ईपीएफएल, लूसाने और अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी अकादमी, वियना में पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त किया। सरकार की उच्च सिविल सेवा में शामिल होने से पहले, वे दो विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र के स्नातकोत्तर छात्रों को पढ़ाते थे।

# ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलते डाकघर

गौतम भट्टाचार्य

वित्त मंत्री ने इस वर्ष के बजट भाषण में कहा कि देश के 1,50,000 डाकघर कोर बैंकिंग प्रणाली से जुड़ जायेंगे, जो नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग व एटीएम के माध्यम से बैंक-खातों तक पहुंचने तथा वित्तीय समावेश की सुविधा प्रदान करेंगे एवं डाकघर खातों और बैंक खातों के बीच धन अंतरण को संभव बनायेंगे। डाकघर खातों और बैंक खातों के बीच अंतर-संचालन की घोषणा, विशेष रूप से ग्रामीण भारत में युवा पीढ़ी की लंबे समय से प्रतीक्षित आकांक्षा 'बैंकिंग सुविधा, कभी भी कहीं भी' के लिए आशा की नयी किरण के समान है। कभी भी, कहीं भी बैंकिंग; खाताधारक को देश में कहीं से भी बैंक-कार्य करने की सुविधा प्रदान करती है, चाहे उसका डाकघर या उसकी बैंक-शाखा किसी भी जगह पर स्थित हो और उस कार्यालय का कार्य समय, चाहे कुछ भी हो।

शहरी भारत कई सुविधाओं, जैसे एटीएम, धनराशि का तत्काल अंतरण, सममूल्य पर चेक आदि के माध्यम से इस अवधारणा से अच्छी तरह परिचित है। लगभग डेढ़ दशक पहले, कभी भी, कहीं भी बैंकिंग पर आधारित कार्यशैली को भारत के अधिकांश पीएसयू बैंकों द्वारा लागू किया गया था। हम एक कदम और आगे बढ़ने में सफल हुए, जब आरबीआई द्वारा स्थापित भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने सभी खुदरा लेन-देन के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) विकसित किया। शहरी भारत के ग्राहक अब टैक्सी-चालक को भुगतान कर सकते हैं, किराने की दुकान में अपने बकाये की रकम जमा कर सकते हैं, धोबी को सीधे अपने बैंक-खातों से भुगतान कर सकते हैं, शर्त केवल यह है कि दोनों के पास स्मार्टफोन हों और उनके बैंक खाते फोन से जुड़े हों। हालांकि, इस दौरान ग्रामीण भारत में, जहाँ ज्यादातर बैंक-कार्य डाकघर खातों के माध्यम से किये जाते हैं, बैंकिंग अपने पारंपरिक तरीकों से चलती रही।

भारत में प्रमुख सार्वजनिक बैंकों द्वारा सीबीएस शुरू करने के लगभग एक दशक बाद, यानि 2014 के आसपास, करीब 25,000 विभागीय डाकघरों में कोर बैंकिंग प्रणाली (सीबीएस) पर काम की शुरुआत हुई। 2018 तक, लगभग 85 प्रतिशत डाकघरों को सीबीएस के तहत लाया गया, लेकिन शेष डाकघरों में इंटरनेट की सुविधा नहीं थी। उस वर्ष सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य शुरू हुआ था: 1,30,000 से अधिक ग्रामीण शाखा डाकघरों को सीबीएस डाकघरों के साथ एकीकृत करना। ग्रामीण शाखा कार्यालय दिन में चार से पांच घंटे खुले रहते हैं और प्रखंड या तालुका मुख्यालय में स्थित निकटतम विभागीय कार्यालयों के विस्तार काउंटर की तरह काम करते हैं। इन कार्यालयों का संचालन ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) द्वारा किया जाता है। इन शाखा कार्यालयों को इंटरनेट के माध्यम से रिमोट सर्वर से जोड़ने के लिए सिम आधारित हथेली के आकार के छोटे (हैंडहेल्ड) उपकरण प्रदान किए गए थे। संचालन कार्य



के लिए लगभग 2 लाख ग्रामीण डाक सेवकों को प्रशिक्षित किया गया।

2021 तक एकीकृत कोर बैंकिंग प्रणाली से लगभग 93 प्रतिशत डाक नेटवर्क जुड़ गया। इससे एमजी-नरेगा के भुगतान, डाक जीवन बीमा (पीएलआई) और ग्रामीण पीएलआई आदि के प्रीमियम के संग्रह सहित विभिन्न सामाजिक योजनाओं के लाभार्थियों के खातों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की सुविधा मिली। ग्रामीण डाक सेवकों ने ग्रामीण शाखा डाकघरों के खाताधारकों के बीच डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने में पिछले तीन वर्षों में ऐसे कार्य किये हैं, जिन्हें चमत्कार से कम नहीं कहा जा सकता है। भारतीय डाक की वार्षिक रिपोर्ट (2020-21) के अनुसार, कुल 53,584 करोड़ रुपये के 43 करोड़ ऑनलाइन लेन-देन ग्रामीण शाखा डाकघरों में इन हैंडहेल्ड उपकरणों के माध्यम से पूरे किये गए।

हालांकि इसके प्रभाव का कोई औपचारिक अध्ययन नहीं किया गया है, लेकिन मोटे तौर पर ऐसा लगता है कि देश की कोर बैंकिंग प्रणाली के साथ 1,30,000 ग्रामीण शाखा डाकघरों का एकीकरण; ग्रामीण भारत पर वैसा ही असर डालेगा, जैसा 1980 के दशक के मध्य में कम्प्यूटरीकृत रेलवे आरक्षण बुकिंग की सुविधा से शहरी भारत पर पड़ा था। लगभग चार दशक पहले शहरों और कस्बों के लोगों ने कम्प्यूटरीकृत आरक्षण प्रणाली की बहुत सराहना की थी। ग्रामीण डाक सेवकों के पास ज्ञान और विश्वसनीयता है, जिसकी सहायता से वे ग्रामीण लोगों को डिजिटल लेन-देन के लिए बढ़ावा दे सकते हैं।

हालांकि, पहली बार में अंडमान और निकोबार के दूरदराज के द्वीपों एवं हिमालय की अधिक ऊंचाई पर स्थित कई डाकघरों को सीबीएस में एकीकृत नहीं किया जा सका, क्योंकि इंटरनेट की स्तरीय सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इस स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। अंडमान और निकोबार के विभिन्न द्वीपों को हाल ही में चेन्नई के साथ ऑप्टिकल फाइबर केबल के माध्यम से जोड़ा गया है, जिसे समुद्र तल पर बिछाया गया है। इसने दूरदराज के द्वीपों में स्थित कार्यालयों को सीबीएस के साथ एकीकृत करने की सुविधा प्रदान की है। पिछले कुछ वर्षों की इन सभी पहलों के आधार पर सरकार ने घोषणा करते हुए कहा है कि इस वर्ष के अंत तक सभी डाकघरों का कोर बैंकिंग प्रणाली के साथ एकीकरण पूरा कर लिया जाएगा।

पहले डाकघर खाताधारक अपने खाते से किसी बैंक खाते में और किसी बैंक खाते से डाकघर खाते में धनराशि अंतरण नहीं कर सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अब डाकघर बचत योजना खातों के लिए एनईएफटी/आरटीजीएस जैसी अंतर-बैंक लेन-देन सुविधाओं की अनुमति दी है। यह डाकघर खातों और बैंक खातों के बीच धन के ऑनलाइन अंतरण को सक्षम बनाएगा। यह अंतर-संचालन, बैंक के खाताधारक को उसके पीपीएफ खाते या डाकघर के सुकन्या समृद्धि खाते (एसएसए) में धनराशि अंतरण की सुविधा प्रदान करेगा।

छोटे शहरों और ग्रामीण भारत में ग्राहकों की उम्मीदें तेजी से बदल रही हैं। डाकघर बैंकिंग प्रणाली को आधुनिक पीढ़ी की अपेक्षाओं के अनुरूप आधुनिक बनना होगा। डाकघर खाते के ग्राहक के पास निकटतम विभागीय डाकघर जाने, बचत प्रमाणपत्र खाते खोलने/बंद करने या पीपीएफ, एमआईएस या वरिष्ठ नागरिक खाता खोलने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। एक ग्रामीण के लिए इसका मतलब था- एक दिन का नुकसान और परिवहन खर्च। आज भी डाकघर में बचत खाता खुलवाने पर ग्राहक को एटीएम कार्ड या चेकबुक के लिए अनुरोध करना होता है। इस तरह की जरूरी सुविधाएं, खाताधारक को शायद ही कभी अपने-आप दी जातीं हैं। डाक विभाग द्वारा सममूल्य-चेक की सुविधा को भी लागू करने की आवश्यकता है। आशा की जाती है कि डाकघर की उन्नत नेट बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग प्रणाली; किसी भी समय, कहीं से भी बैंकिंग के कार्यान्वयन से जुड़ी सभी कमियों को दूर करेगी और इस लक्ष्य को सही अर्थों में हासिल करेगी।

# कालजयी फिल्म गॉडफादर फिर पचास साल बाद

जयंती रंगनाथन

अगर आप फिल्मों के शौकीन हैं, तो ऐसा नहीं हो सकता कि आपने सन 1972 में रिलीज हुई हॉलीवुड की बेहतरीन फिल्म द गॉडफादर न देखी हो। पचास साल बाद यह फिल्म एक बार फिर नए कलेवर में सीमित सिनेमा घरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म के निर्माता पेरामाउंट प्रोडक्शन ने इस फिल्म को दोबारा दर्शकों तक पहुंचाने में काफी मशक्कत की है। लगभग एक हजार घंटे का कलर करेक्शन, चार हजार घंटे फिल्म की रील में से दाग और धब्बे निकालने, मूल रिकॉर्डिंग को महफूज करने के बाद गॉडफादर दर्शकों के रूबरू होने को तैयार है। इस फिल्म को बड़े परदे पर देखना अपने आप में एक शानदार अनुभव है, खासकर नई पीढ़ी के लिए, जो इस फिल्म के किस्से सुनती बड़ी हुई है।

ऐसा क्या है गॉडफादर में, जो पचास साल बाद भी दुनिया भर के फिल्मकार और दर्शक इसे सलाम करते हैं? यूं ही इस फिल्म को अमेरिकन फिल्म इंस्टिट्यूट ने 'वन ऑफ द बेस्ट अमेरिकन फिल्म्स एवर मेड' नहीं घोषित किया है। मास्टर पीस कही जाने वाली इस फिल्म के बारे में न्यूयॉर्क टाइम्स लिखता है, 'सत्तर के दशक में इस फिल्म ने द ग्रेट अमेरिकन ड्रीम की परिभाषा बदली थी।' गॉडफादर में जिस तरह से हिंसा, गोलीबारी और हत्या का महिमामंडन किया गया था, वह उस समय के युवाओं की सोच को आईना दिखा रहा था। ठीक उसी समय के आसपास हमारे यहां भी अमिताभ बच्चन की 'एंग्री यंग मैन' वाली छवि बननी शुरू हुई थी।



जाहिर सी बात है, यह फिल्म अपनी बेहतरीन कहानी, पटकथा, कलाकार, अभिनय और निर्देशक का एक वजनदार कॉकटेल है। लेखक मारियो पूजो, निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला, अभिनेता मार्लन ब्रांडो और अल पचीनो की किस्मत इस फिल्म से जुड़ने के बाद पूरी तरह बदल गई थी। इस फिल्म के बनने से पहले गॉडफादर की कहानी हॉलीवुड के फिल्मी हलकों में सुनाई देने लगी थी। 1967 में मारियो पूजो ने माफिया नाम से उपन्यास लिखना शुरू किया था। उसके पहले साठ पन्ने पढ़ने के बाद पेरामाउंट फिल्म कंपनी ने मारियो पूजो से संपर्क कर अनुबंध किया था। 1968 में गॉडफादर उपन्यास आया और रातोंरात बेस्ट सेलर बन गया। पहले दो साल में ही इस किताब की लगभग एक करोड़ प्रतियां बिक गईं। पेरामाउंट कंपनी ने इसके अगले साल गॉडफादर फिल्म बनाने की घोषणा कर दी। अब उन्हें तलाश थी एक इतालवी अमेरिकी निर्देशक की। कोपोला कंपनी की पहली पसंद नहीं थे। मुख्य किरदारों के चुनाव में भी कई उलझनें आईं। खासकर गैंगस्टर परिवार के मुखिया वीटो कॉरलियोन की भूमिका निभाने वाले ख्यात अभिनेता मार्लन ब्रांडो कंपनी की पहली पसंद नहीं थे। उसी तरह, अल पचीनो को भी माइकल की भूमिका के लिए पहले खारिज कर दिया गया था।

खैर, यह फिल्म 1972 को जब सिनेमा घरों में आई, तब पहले ही दिन से ब्लॉक बस्टर करार दी गई। उस साल यह फिल्म सिनेमा के इतिहास में सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म को उस वर्ष सर्वश्रेष्ठ कहानी, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का ऑस्कर अवॉर्ड मिला था। अब आते हैं गॉडफादर की कहानी पर। मारियो पूजो ने उपन्यास पूरा करने के दौरान ही इसका नाम बदलकर 'माफिया से गॉडफादर' कर दिया था। यह कहानी 1945 से 1955 के बीच न्यूयॉर्क के एक माफिया डॉन परिवार की है। परिवार का मुखिया वीटो गॉडफादर के नाम से जाना जाता है। उसके अपने नियम-कानून हैं, अपने तरीके से वह फैसले करता है। पैसे के बदले लोगों को सुरक्षा देता है और कत्ल भी करवा देता है। परिवार के दूसरे सदस्य इस काम में गॉडफादर के साथ हैं, उसके छोटे बेटे माइकल के अलावा। पढ़ा-लिखा माइकल अपने पिता की इज्जत करता है, पर इस पेशे में उनका साथ नहीं देना चाहता। लेकिन हालात ऐसे बन जाते हैं कि बड़े भाई और पिता की हत्या के बाद माइकल को गॉडफादर की कुरसी पर बैठना पड़ जाता है।

1970 के दशक की यह पहली फिल्म थी, जिसके बाद 'माफिया' और 'डॉन' जैसे शब्द प्रचलन में आए। बॉक्स ऑफिस पर सालों इस फिल्म की धूम रही। आंकड़ों के हिसाब से फिल्म ने दुनिया भर से छब्बीस करोड़ पचासी लाख डॉलर की कमाई की। इसके दो सीक्वल बने थे और अलग-अलग देशों में इस विषय या कथानक से प्रभावित फिल्में आज भी बन रही हैं।

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





कोई भी रिश्तें में,न
जाने क्यों वर्षों, बीत
जाने के बाद भी
मिठास नहीं रहती,
कारण, जानते हुए भी
दूरी बन जाती हैं।

-अंजली जैन
7024460938

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239






































आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### जल-जीवन मिशन : धरसींवा विकासखण्ड के ग्राम टेमरी में निकाली गई जन - जागरूकता रैली

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत धरसींवा विकासखण्ड के ग्राम टेमरी में जन-जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से गांव के लोगो को जल प्रदाय योजना, जल की स्वच्छता व सुरक्षा के लिए जागरूक करने रैली का आयोजन कर ग्राम टेमरी का भ्रमण किया गया। इस जन जागरूकता रैली में सरपंच पद्मनी यादव, सचिव प्रभारानी मसीह, टेक्निशियन गंगाधर बांधे एवं प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर्स अमन सिंग, अमित चर्तुवेदी, अमोलाक्षी अवस्थी, एवं प्रणीता पाण्डेय के साथ-साथ पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राएं एवं पंचायत प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। ग्राम टेमरी में रेट्रोफिटिंग जल प्रदाय योजना के माध्यम से 'हर घर नल से जल' शुद्ध जल उपलब्ध कराए जा रहे है। इस ग्राम की जनसंख्या 2 हजार 672 है।

### प्रदर्शनी के माध्यम से ग्रामीणों को मिली शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी

**रायगढ़।** राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार प्रसार के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा लैलूंगा के लारीपानी में एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई। प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे ग्राम सागरपाली निवासी लल्लू राम राठिया एवं ग्राम-कुंजारा निवासी खगेश्वर राठिया ने कहा कि धान के समर्थन मूल्य का लाभ मिला है। शासन द्वारा सभी वर्गो के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं संचालित की जा रही है प्रदर्शनी के माध्यम से विस्तृत जानकारी मिल रही है। अब हम इन योजनाओं का लाभ ले सकते है। कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गयी है।

# छत्तीसगढ़ मॉडल की पूरे देश में हो रही चर्चा : भूपेश बघेल

## बिलासपुर में 357 करोड़ रूपए के विकास कार्यो का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। बिलासपुर में 357 करोड़ रूपए के विकास कार्यो का हुआ लोकार्पण भूमिपूजन अरपा नदी को स्वच्छ बनाने हरसंभव प्रयास होंगे बिलासपुर से रात में भी हवाई उड़ान के लिए प्रयास जारी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज कहा कि अरपा बिलासपुर की जीवनदायिनी नदी है। राजगीत का पहला शब्द भी अरपा से शुरू होता है। इसको बचाने के लिए सभी लोगों और संस्थाओं के साथ राज्य सरकार भी चिंतित है।



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज कहा कि अरपा बिलासपुर की जीवनदायिनी नदी है। राजगीत का पहला शब्द भी अरपा से शुरू होता है। इसको बचाने के लिए सभी लोगों और संस्थाओं के साथ राज्य सरकार भी चिंतित है। नदी के जल को शुद्व रखने और इसके सौंदर्यीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किया जायेगा। धन की कमी आड़े नहीं आयेगी। श्री बघेल आज यहां बिलासपुर के शास्त्री स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उक्त बाते कहीं। इससे पूर्व उन्होंने बिलासपुर जिले में 353 करोड़ से ज्यादा की लागत वाले 97 विकास एव निर्माण कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि काफी प्रयासों के बाद बिलासपुर में हवाई सेवा शुरू हुई है। यहां से अभी केवल दिन में दो-तीन स्थानों के लिए फ्लाईट सुविधा उपलब्ध है। इसके विस्तार की जरूरत है। लेकिन बगल में सेना की जमीन होने के कारण अनुमति नहीं मिल पाई है। अनुमति मिलने के बाद जरूरी सुविधाएं विकसित करके रात में भी उड़ान शुरु करने के प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने बिलासपुर सांसद को इस में मदद करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर छत्तीसगढ़ का दूसरा बड़ा शहर है। न्यायधानी एवं संस्कारधानी का दर्जा इसे प्राप्त है। सबके सहयोग एवं साथ लेकर शहर को सुन्दर बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने के लिए पुराने स्कूल बंद नहीं किये जाएंगे। पुराने स्कूल भी चलते रहेंगे, जरूरत पड़ी तो कक्षाएं दो पारी में संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा आगामी 5 सालों में 5 लाख लोगों को नौकरी दी जायेगी। इसके लिए कार्य-योजना तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि चालू सीजन में किसानों से 98 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी की गई है। इससे किसानों को 20 हजार करोड़ रूपये का भुगतान किया गया है।

संपूर्ण भारत में छत्तीसगढ़ पहला प्रदेश है जो कि ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूरों को 6 हजार रूपये प्रतिवर्ष मदद दे रही है। भूमिहीन परिवारों को योजना के तहत प्रथम किस्त की राशि दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारे गोधन न्याय योजना की पूरे देश में चर्चा हो रही है। केन्द्र सरकार भी इसी तर्ज पर योजना चलाने पर विचार कर रही है। गौठानों में स्व-सहायता समूह की महिलाएं दीया, पेण्ट, गमला, गौकाष्ठ आदि घरेलू सामान बनाकर आमदनी अर्जित कर रही हैं। महिलाएं इन गौठानों में बिजली पैदा करने का उद्यम कर रही है।

कार्यक्रम को नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, नेता प्रतिपक्ष श्री धरमलाल कौशिक, सांसद श्री अरूण साव, विधायक श्री शैलेश पाण्डेय और महापौर रामशरण यादव ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने प्रतिवेदन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछले तीन साल में हुए जिले की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं भावी कार्य-योजना पर प्रकाश डाला। तीन बरस की विकास उपलब्धियों पर आधारित एक लघु फिल्म भी इस अवसर पर प्रदर्शित की गई। संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह ने आभार प्रकट किये। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, रजनीश सिंह, छग पर्यटन मण्डल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, महापौर रामशरण यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, निगम सभापति शेख नजीरूद्दीन बिलासपुर के कमिश्नर डॉ संजय अलंग, आईजी रतनलाल डांगी, एसपी पारूल माथुर सहित निगम के पार्षद, पंचायत प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में लोग इस अवसर पर उपस्थित थे।

# समन्वित कृषि प्रणाली से किसानों की बढ़ी आमदनी



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। दंतेवाड़ा जिले के विकासखण्ड गीदम अंतर्गत ग्राम बड़े कारली में स्थित स्व. श्री चमरू समन्वित कृषि प्रणाली फार्म हाउस में किसान संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में जिले के विभिन्न पंचायतों के किसानों ने भी हिस्सा लिया। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफल किसानों से प्रेरित होकर अन्य किसान भी शासकीय योजनाओं का लाभ ले और उत्पादन को बढ़ाए। किसानों को आमदनी बढ़ाने के लिए बिजनेस प्लान बनाने की भी समझाईश दी।

संगोष्ठी में किसान रामप्रसाद वेको ने बताया कि समन्वित कृषि प्रणाली अपना कर वह अपनी बाड़ी में विभिन्न प्रकार के सब्जियों एवं फलदार पौधों का रोपण कर बैंगन, अमरूद, आम, पपीता, मुनगा, नारियल, शिमला मिर्च, आदि का उत्पादन किया है। राज्य सरकार की योजनाओं से उसे कृषि उत्पाद को बढ़ाने में प्रोत्साहन मिला है।

जिससे आमदनी बढ़ी है। श्री वेको ने बताया कि मशरूम उत्पादन से 6 से 7 हजार रूपये की आमदनी हो चुकी है। इसके अलावा 31 हजार रूपये का अमरूद का विक्रय किया है। साथ ही पपीता से 6 हजार, मुर्गी फार्म से 2 लाख तक की आमदनी हुई है। अन्य किसानों ने भी बताया कि पहले काम के लिए लोग बाहर पलायन करते थे। पर अब राज्य शासन की योजनाओं का लाभ लेकर गांव में ही रहकर कार्य कर अपना जीवनयापन कर रहे है। बायोफ्लाक्स प्रणाली से मछली पालन के संबंध में कलेक्टर ने विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने रामप्रसाद को प्रोत्साहित करते हुए बाजार की उपलब्धता और आय के संबंध में जानकारी ली। बेहतर कार्य करने के लिए रामप्रसाद को प्रेरित किया।

संगोष्ठी परिसर में आयोजित प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के उत्पाद जैसे टोरा तेल, भेंडा टोपा, केउ कंद, केरा कोचई, अदरक, आलू, सुरंग कांदा, हल्दी, रखिया, तुमा इत्यादिका प्रदर्शन किया गया। पंचायत पाहुरनार में किए गए पौधा रोपण के प्रदर्शित मॉडल और कृषि उपकरण का भी प्रदर्शन किया गया। किसानों को विभागीय कलेण्डर, खाद्य बीज का वितरण किया गया।

# भूपेश सरकार ने वादा निभाया, राज्य के प्रत्येक परिवारों के लिए बना राशन कार्ड-मंत्री अकबर

## कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ग्राम पंचायत नेवारी, सुखाताल और रवेली में 1059 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरण किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर आज कबरीधाम प्रवास के दौरान कवर्धा जनपद के ग्राम पंचायत नेवारी, सुखाताल और रवेली में आयोजित नवीन राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ग्राम पंचायत नेवारी, सुखाताल और रवेली में आयोजित नवीन राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम मे 30 ग्राम पंचायतों के 15 आश्रित ग्रामों के लगभग 1059 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किया।



उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हमने जो वादा किया था उसे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पूरा कर रहे है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के सभी परिवारों को राशन कार्ड बनाकर दिया गया। अब वर्तमान परिस्थितियों में परिवार बढ़ने और विवाह के बाद परिवार से जो अलग हो रहे है ऐसे परिवारों को भी छत्तीसगढ़ सार्वभौम पीडीएस योजना से जोड़कर उनके लिए योजना के तहत राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने सभी हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरण कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राशन कार्ड वितरण के अवसर पर श्री नीलकंठ चंद्रवंशी, श्री कलीम खान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री होरी साहू, पार्षद श्री अशोक सिंह, श्री प्रशांत परिहार, श्री ईश्वर शरण वैष्णव, श्री वीरेन्द्र जांगड़े, श्री लेखा राजपूत, श्री राजेश शुक्ला सहित संबंधित सरपंच, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने लगभग 1059 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किया। उन्होंने ग्राम पंचायत नेवारी में आयोजित नवीन राशन वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नेवारी के 56, समनापुर के 59, रेंगाखार खुर्द के 16, बरपेलाटोला के 7, अमलीडीह के 17, कोठार के 36, चारडोंगरी के 85, जमुनिया के 23, घुघरीखुर्द के 7, मरपा के 61, घुघरीकला के 66 और ग्राम पंचायत जोरताल के 5 कुल 438 हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड वितरण किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत सुखाताल में आयोजित नवीन राशन वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सुखाताल के 68, बोधई कुंडा के 3, जरती के 18, दोजरी के 15, जेवडन खुर्द के 51, डाबराभाट के 32, बरबसपुर के 70, खड़ोदा खुर्द के 29, बिजई के 23, बटूराकछार के 49 और ग्राम पंचायत सोनबरसा के 28 कुल 386 हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड वितरण किया गया। मंत्री श्री अकबर ने ग्राम पंचायत रबेली में आयोजित नवीन राशन वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रबेली के 55, सूरजपुरा के 20, रामहेपुर के 27, लालपुर कला के 11, लखनपुर कला के 24, नेवारीगुड़ा के 74 और ग्राम पंचायत कान्हाभैरा के 24 कुल 234 हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड वितरण किया गया।

वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने आज ग्राम पंचायत नेवारी, सुखाताल और रवेली में नवीन राशन कार्ड लेने आए परिवार को बताया कि सौर्वभौम पीडीएस राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हमारी सरकार ने वादा निभाते हुए पहले ही वर्ष में राज्य के सभी परिवारों को इस योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने दी बिलासपुर को बड़ी सौगात तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज का किया लोकार्पण

### शहर के लोगों को मिलेगी ट्रेफिक जाम से मुक्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बिलासपुर में 107 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित तिफरा फ्लाईओव्हर ब्रिज का फीता काटकर लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल लोकार्पण के बाद कुछ दूर पैदल चलकर फ्लाईओव्हर ब्रिज का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी और उनका अभिवादन स्वीकार किया। छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य करमा की रंगारंग प्रस्तुति के साथ बिलासपुरवासियों को तिफरा फ्लाईओवर ब्रिज की सौगात मिली। बिलासपुर-रायपुर रोड स्थित तिफरा में नये फ्लाई ओवर ब्रिज के बन जाने से महाराणा प्रताप चौक और तिफरा छोर में जाम से मुक्ति मिल जाएगी।

रायपुर मार्ग को बिलासपुर शहर से जोड़ने वाले इस ब्रिज से शहरवासियों के साथ ही साथ उन तमाम राहगीरों को भी राहत मिलेगी, जो एन.एच. 130 का उपयोग आवागमन के लिए करते हैं। बिलासपुर-रायपुर मार्ग में काफी लंबे समय से तिफरा रेलवे क्रासिंग में व्यवस्थित और चौड़े फ्लाईओवर ब्रिज की ज़रूरत महसूस की जा रही थी।

तिफरा छोर से स्वर्गीय जमुना प्रसाद वर्मा कॉलेज तक 1620 मीटर की लंबाई में तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा किया गया है। इस रेलवे क्रासिंग पर पहले भी एक ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया था, लेकिन ब्रिज के सामने ही चौक होने और ब्रिज की चौड़ाई कम होने के कारण चौक के चारों ओर तथा ब्रिज में आए दिन जाम का सामना करना पड़ता था। नवनिर्मित तिफरा फ्लाईओवर से शहरवासियों को भीड़-भाड़ से मुक्ति मिलेगी तथा चौक पर जाम लगने की समस्या में भी कमी आएगी। लोकार्पण समारोह में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

(VISHAL) Mobile No. 7000536728
SAMSUNG mi vivo oppo realme ONEPLUS
SHREE MOBILE
Kasaridih, Sai Mandir Road, Near Raja Fire Works Azad Chowk, Durg (C.G.)
Email ID : vishalrohda99@gmail.com
♦ Buy ♦ Sell ♦ Purchase
(All Second Hand Mobile Available)

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel, Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI<sup>th</sup> XII<sup>th</sup> B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### रायपुर में निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए 28 फरवरी को प्लेसमेंट कैम्प

**रायपुर ( ए )।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा 28 फरवरी 2022 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप के माध्यम से स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। यह कैंप रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र-रायपुर, पुराना पुलिस मुख्यालय रायपुर में आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक उमादेवी बहूउद्येशीय शिक्षा एवं विकास संस्थान रायपुर द्वारा ट्रेनर डाटा एंट्री ऑपरेटर,ट्रेनर इलेक्ट्रिशियन/ ट्रेनी अपेरेल, कम्प्यूटर, डीटीपी, सेंटर हेड और मोबिलाईजर के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों पर अनुभवी एवं योग्य आवेदकों की भर्ती 8 से 12 हजार प्रतिमाह वेतनमान पर की जाएगी। इन पदों के लिए भर्ती हेतु इच्छुक आवेदक 28 फरवरी 2022 को अपनी शैक्षणिक, तकनीकी शिक्षा तथा अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपस्थित हो सकते हैं। भर्ती के दौरान आवेदक को सोशल डिस्टेंटिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।

### प्रदेश में पंजीयन विभाग द्वारा 1390.55 करोड़ राजस्व अर्जित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 2021-22 में पंजीयन विभाग द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में जनवरी 2022 तक 27.89 प्रतिशत अधिक राजस्व अर्जित किया गया है। इस समय पूरे प्रदेश में 1390.55 करोड़ राजस्व अर्जित किया गया है। जबकि वर्ष 2020-21 में इस अवधि तक 1087.34 करोड़ रूपए का राजस्व अर्जित किया गया था। यह जानकारी सुश्री इफ्फत आरा महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक कार्यालय द्वारा जिला पंजीयकों की मासिक समीक्षा बैठक में दी गई।

गत दिवस पंजीयन विभाग के अधिकारियों की नवा रायपुर अटल नगर में वाणिज्यिक कर भवन में आयोजित बैठक में सुश्री इफ्फत आरा ने अधिकारियों से कहा कि जिला पंजीयक राजस्व वसूली की निर्धारित प्रक्रिया का कढ़ाई से पालन करें और आरआरसी प्रकरणों में बकाया राजस्व वसूली किया जाना सुनिश्चित करें। इससे राज्य के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी। बैठक में जिले में राजस्व प्राप्तियों, पंजीबद्ध दस्तावेजों, मुद्रांक एवं राजस्व वसूली (आरआरसी) प्रकरणों के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में पंजीयन विभाग के लिए 1700 करोड़ राजस्व लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरूद्ध जनवरी माह तक 80 प्रतिशत राजस्व प्राप्त हो चुका है। साथ ही जिला पंजीयक कार्यालयों में राजस्व (आरआरसी) के लगभग 1076 प्रकरण वसूली हेतु लंबित है, जिनमें 48.68 करोड़ रूपए राजस्व निहित है।

बैठक में जिला पंजीयकों छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत राजस्व वसूली की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया।

# राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में हो निराकरणः मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव ने शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों के सचिवों को निर्देश दिए है कि उनके विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो तथा योजनाओं के अंतर्गत जन सामान्य के कार्य निर्धारित समय-सीमा में हो जिससे वे लाभान्वित हो। मुख्य सचिव ने मंत्रालय महानदी भवन से अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक लेकर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की।



बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों के निराकरण निर्धारित समय-सीमा में करना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग के सचिव को निर्देश दिए कि नामांतरण, सीमांकन, बटवारा, डायवर्सन, ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि पट्टे के धारकों को भू-स्वामित्व अधिकार, नवीन ऋण पुस्तिका प्रदान करना और अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण तेजी से करवाए तथा लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करें। उन्होंने नामांतरण नियमों के सरलीकरण के लिए भी राजस्व सचिव को शीघ्रता से कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह से बैठक में औद्योगिक भूमि और नगरीय निकायों की भूमि फ्री होल्ड करना तथा राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, विद्युत तथा नगरीय निकायों से संबंधित समस्याओं का शासन स्तर पर ऑनलाइन मानिटरिंग की व्यवस्था करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग गणना नगरीय क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों के सहायता से करने और शासन की सभी जन उपयोगी सेवाओं की घर पहुंच सेवा प्रदान करने के कार्य की समीक्षा की गई। इसी तरह से छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय स्कूलों में शौचालय बनाने के लिए अभियान एवं स्थापनाधीन एथोनाल ईकाइयों से पेट्रोलियम कम्पनियों द्वारा अतिरिक्त क्रय अनुबंध की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव वाणिज्य एवं उद्योग मनोज पिंगुवा, सचिव ऊर्जा अंकित आनंद, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. कमलप्रीत सिंह, सचिव नगरीय प्रशासन अलरमेल मंगई डी. सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# मंत्री रविंद्र चौबे से कृषि विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ.चंदेल ने की सौजन्य मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे से दोपहर उनके निवास कार्यालय में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुपति डॉ. गिरीश चंदेल ने सौजन्य मुलाकात की। कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने डॉक्टर चंदेल को उनके नवीन पद एवं दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। कृषि मंत्री चौबे ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय के नए कुलपति के रूप में डॉ. चंदेल के मार्गदर्शन में राज्य में कृषि के क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और उन्नत खेती को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री श्री चौबे ने इस अवसर पर कुलपति डॉ.चंदेल से कृषि के क्षेत्र में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्राथमिकताओं, विशेषकर छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप सुराजी गांव योजना- नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के संबंध में विस्तार से चर्चा की और कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से बीते 3 सालों में यहां कृषि के क्षेत्र में तेजी से बदलाव आया है। राज्य जैविक और रिजेनरेटिव खेती की ओर बढ़ रहा है। कृषि वैज्ञानिकों के सहयोग से इसमें और तेजी लाने की जरूरत है।



यहां यह उल्लेखनीय है कि कल 24 फरवरी को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा डॉ. चंदेल की नियुक्ति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति के पद पर की गई है। इससे पूर्व वह इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में डिपार्टमेंट ऑफ प्लांट मॉलिक्यूलर बॉयोलॉजी एवं बॉयोटेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे हैं। डॉ चंदेल, देश के प्रख्यात पौध प्रजनक और जैव प्रौद्योगिकी के वैज्ञानिक हैं।

# नेत्र मानव को परिपूर्ण करने ईश्वर का अमूल्य वरदान है, इसकी सुरक्षा सर्वोपरी - अरविंद वर्मा



### जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर रायपुर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की संचालित योजना गरीबी अन्मूलन के तहत आज जिला न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर एव एएसजे नेत्र चिकित्सालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश हेमंत शराफ, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, शासकीय अभिभाषक केके शुक्ला, डॉ. प्रफुल्ल देवांगन, अन्य न्यायाधीशगण, पक्षकारगण, अधिवक्तागण, उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को चिकित्सा प्राप्त करने का अधिकार है। कोई भी निर्योग्यता, अयोग्यता किसी भी व्यक्ति को चिकित्सा प्राप्त करने से वंचित नहीं कर सकती है। नेत्र ईश्वर द्वारा प्रदान किया गया अमूल्य वरदान है जिसकी सुरक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। शिविर के दौरान उन्होंने नेत्रदान करने हेतु आमजनों से अपील की। किसी भी व्यक्ति को जिनको नेत्र की आवश्यकता है अपने जीवन पश्चात अपने नेत्रदान कर सकते है। जीवन के पश्चात किए गए नेत्रदान के परिणामतः किसी अन्य व्यक्ति को उनके माध्यम से इस सुंदर संसार को देखने का अवसर प्राप्त होता है। इस शिविर का आयोजन विशेष रूप से उन सभी व्यक्तियों के लिए किया गया है जो आर्थिक अभाव के कारण अपने नेत्रों की जांच नहीं करा पा रहा है।

इस दौरान समस्त न्यायाधीशगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण एवं पक्षकारों ने निःशुल्क अपने नेत्रों की जांच करायी। सैंकड़ों की संख्या में लोग न्यायालय में उपस्थित होकर आज इस शिविर का लाभ प्राप्त किया है।

# सशक्तीकरण के लिए अधिकारों के प्रति जगरूकता जरूरीः राणा



### बालिका सशक्तिकरण पर पांच दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्कूलों में अध्ययनरत बालिकाओं को सशक्त बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्कूलों के शिक्षकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में बालिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही जेण्डटर सेंसंटाइजेशन के साथ ही आत्म सुरक्षा जैसी विषयों पर भी जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के विशेष सचिव व राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के संचालक राजेश सिंह राणा ने कहा कि बालिकाओं के सशक्तीकरण के लिए उन्हें जागरूक बनाने के साथ ही उन्हें सही मार्गदर्शन देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें उनके कानूनी, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और उनके अधिकार और निर्णय लेने की क्षमता के बारे में सभी पहलुओं की जानकारी दी जाए। श्री राणा कहा कि बालिकाएं किस तरह से विपरित परिस्थितियों में अपनी रक्षा कर सकती हैं इसको भी प्रेक्टिकल करके भी बताया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की बातों का सबसे अधिक बच्चों पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए शिक्षकों की विशेष जिम्मेदारी है कि बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में महती भूमिका निभाएं।

कार्यशाला में एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे ने जीवन कौशल जेण्डर सेंसीविटी की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए प्रतिभागियों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम को सहायक संचालक प्रशांत पाण्डेय, एससीईआरटी की प्रकोष्ठ प्रभारी प्रीति सिंह और पुष्पा चंद्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रूम-टू-रीड, अर्पण, अपराजिता के विषय विशेषज्ञ सहित 28 जिलो से 75 प्रतिभागी शामिल हुए।

# क्षेत्र के विकास के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समान्वित प्रयास करें जनप्रतिनिधिः सांसद सोनी

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्र सरकार द्वारा जिले में संचालित योजनाओं और विकास कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। इस बैठक में श्री सोनी ने सभी जनप्रतिनिधियों को दलगत राजनीति से उपर उठकर क्षेत्र एवं जिले के विकास के लिए समन्वित प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को जनता ने क्षेत्र के विकास के लिए ही प्रतिनिधि के रूप में चुना है और हम सब को जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना है। सांसद ने सभी अधिकारियों को जिलेवासियों के हित में जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले के ग्रामिण अंचलों तक पहुंचाकर लोकहित में काम करने के निर्देश दिये।

सांसद श्री सोनी ने कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, मकान सहित किसानों को खेती के लिए जरूरी सुविधाएं और सहयोग उपलब्ध कराना ही पहली प्राथमिकता है और इस दिशा में तेजी से काम करना चाहिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न मांगो, सुझावों और शिकायतों को भी उपस्थित अधिकारियों को बताया गया। सांसद श्री सोनी ने जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गये सुझावों और मांगो-शिकायतों पर भी तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक कुलदीप जुनेजा, बिरगांव के महापौर नंद लाल देवांगन, जिला पंचायत रायपुर कि अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, कलेक्टर सौरभ



कुमार, स्मार्ट सिटी रायपुर के एमडी अभिजीत सिंह, रायपुर नगर निगम आयुक्त प्रभात मलिक , जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी, स्मार्ट सिटी के एडिशनल एमडी चंद्रकांत वर्मा, जनप्रतिनिधि गण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद श्री सोनी ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों जैसे- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पेंशन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, रूरबन मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा और कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, एकीकृत बाल विकास योजना आदि की समीक्षा की। उन्होंने लोगों के हित में योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी भी ली। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से इन योजनाओं के लिए पात्र सभी हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान सोनी ने कुछ योजनाओं में तेजी से काम कर प्रगति लाने के निर्देश दिए।

श्री सोनी ने कहा की जिले के समग्र विकास हेतु सभी शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन उचित माध्यम से हो ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर होने वाले सभी कार्यों की सूची स्थानीय जनप्रतिनिधियों के दी जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी समन्वय हो। श्री सोनी ने प्रधानमंत्री स्वनिधि लोन योजना की जानकारी दी जिसके तहत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए दस हजार रुपए तक का लोन बिना किसी गारंटी के दिया जाता है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















## खास खबर

### विद्युत जामवाल ने फ्रोजन लेक में लगाई छलांग, को-एक्ट्रेस अदा शर्मा ने उन्हें कहा 'जैक फ्रॉम टाइटैनिक'

'कमांडो' अभिनेता विद्युत जामवाल अपने स्टंट और एक्शन के लिए जाने जाते हैं. बॉलीवुड के नए युग के एक्शन हीरो के रूप में जाने जाने वाले, जामवाल एक फिल्मफेयर पुरस्कार समेत कई पुरस्कार हासिल कर चुके हैं. 'खुदा हाफिज' अभिनेता अक्सर सोशल मीडिया पर रोमांचक पोस्ट अपलोड करके अपने फैंस का मनोरंजन करते रहते हैं. हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर विद्युत ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उन्हें जमी हुई झील में डुबकी लगाते देखा जा सकता है. इस क्लिप को अभिनेता के फैंस के साथ-साथ उनके फॉलोअर्स ने भी सराहा है. वीडियो के शुरुआत में 'जंगली' अभिनेता मोटे कपड़े पहने नजर आ रहे हैं, लेकिन धीरे-धीरे वो अपने कपड़े उतार देते हैं. इसके तुरंत बाद, वो खुद बर्फीले झील में उतरते हैं. वो वीडियो में बताते हैं, एक दिन पहले बर्फबारी हुई थी, लेकिन मैं आज यहां आया हूं. विद्युत ने इस वीडियो को एक मोटिवेशनल कैप्शन के साथ छोड़ा, जिसमें लिखा था, "ITrainLikeVidyutJammwal. अगर कोई आपको बताता है कि ये मुश्किल है!! आइडिया NoE&perience से आता है. #iTrainLikeVidyutJammwal का कहना है कि इसे किसी भी बीमारी/चोट से उबरने के लिए अपनी बकेट लिस्ट का हिस्सा बनाएं #REBORN InstantFIX.

उसी के लिए अपने को-एक्टर की तारीफ करते हुए, अदा शर्मा ने जामवाल को 'जैक फ्रॉम द टाइटैनिक' कहा. उन्होंने कमेंट करते हुए कहा कि, टाइटैनिक से प्रिय जैक, इस तरह से किया गया #iTrainVidyutJammwal. न केवल उनकी, बल्कि फैंस ने जमी हुई झील में उनके साहसी अनुभव के लिए विद्युत की सराहना की, जैसा कि एक ने लिखा, ये पूरी तरह से मन को उड़ाने वाला अविश्वसनीय प्यार था, एक दूसरे शख्स ने कमेंट किया, वाह! बस जिस तरह से आप हैं, उससे प्यार करें सर, सलाम आपके अंदर एक अविश्वसनीय मानसिकता, धैर्य और शांति है. एक फैन ने 'सनक' अभिनेता को मन-उड़ाने वाला कहा, ये कहते हुए कि उनके शरीर को हर चीज के साथ एडजस्ट करने के लिए ट्रेन किया गया है, एक दूसरे ने एक चौंकाने वाला कमेंट छोड़ा क्योंकि उन्होंने लिखा, क्या आप सीरियसली माइनस 8 डिग्री तापमान में हैं और आप तकरीबन 38 सेकंड के लिए उस बर्फीले पानी के अंदर थे. इस वीडियो के सेकंड्स, ये बताते हुए कि वो ये जानने के लिए उत्सुक था कि वो कितने समय तक अंदर थे.




### हर्षवर्धन राणे स्टारर 'सनम तेरी कसम' के सीक्वेल की शूटिंग सितंबर होगी शुरू

हर्षवर्धन राणे स्टारर सनम तेरी कसम के सीक्वेल की शूटिंग इस साल सितंबर और अक्टूबर में शुरू होगी। इसका पहला शेड्यूल मुंबई और दिल्ली में शूट होगा। इस बात की जानकारी डायरेक्टर विनय सप्रू और राधिका राव ने दी है। उन्होंने कहा, हमे बहुत खुशी है कि हमने सनम तेरी कसम के अगले पार्ट की कहानी मिल गई है। यह मारवा होकेन के कैरेक्टर की मौत के आगे की कहानी है।

### राम गोपाल वर्मा की 'खतराः डेंजरस' 8 अप्रैल को होगी रिलीज

बॉलीवुड डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा की मोस्ट कॉन्ट्रोवर्शियल फिल्म 'खतराः डेंजरस' 8 अप्रैल को रिलीज होगी। यह फिल्म समलैंगिक सब्जेक्ट पर बेस्ड है। सेंसर बोर्ड ऑफ इंडिया ने इसे A सर्टिफिकेट दिया है। 'खतरा डेंजरस' हिंदी और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी।

# 'लव सोनिया' और 'गंगूबाई काठियावाड़ी' जैसी फिल्में सोसायटी के लिए बननी चाहिएः मृणाल ठाकुर

'लव सोनिया' फिल्म से सिने जगत में कदम रखने वाली मृणाल ठाकुर ने 'बाटला हाउस', 'सुपर 30', 'तूफान', 'धमाका' आदि छोटी-बड़ी फिल्मों की हिस्सा रहीं। अब उनकी 'आंख मिचौली' फिल्म रिलीज को तैयार है। इसके अलावा 'पिपा' और 'जर्सी' फिल्म में भी फीमेल लीड रोल निभा रही हैं, जबकि अगले महीने आदित्य रॉय कपूर के साथ थ्रिलर फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी।

### 'लव सोनिया' से अपना करियर शुरू किया, पर आज इसी सब्जेक्ट गंगूबाई जैसी फिल्म बना रहे हैं। क्या कहेंगी?

मैं आलिया की बहुत बड़ी फैन हूं। वे मुझे बहुत जबर्दस्त एक्ट्रेस लगती हैं, क्योंकि किसी भी कैरेक्टर में वे बड़े अच्छे से ढल जाती हैं और किरदार को जीवंत कर देती हैं। गंगूबाई का जो टॉपिक है, उससे फिल्म देखने के लिए बहुत उत्सुक हूं। बहुत खुश हूं कि ऐसी फिल्में बन रही हैं। आलिया भट्ट हों, संजय लीला भंसाली हों, ऐसे इंपोर्टेंट हस्तियों पर फिल्में बना रहे हैं, इसे लेकर भी खुश और प्राउड महसूस करती हूं। ऐसी कहानियों पर फिल्में बननी और लोगों तक पहुंचनी चाहिए ताकि पता चले कि गंगूबाई का क्या संघर्ष रहा होगा या फिर उनकी क्या जर्नी है।

अगर लव सोनिया और गंगूबाई फिल्मों से ये सोसायटी जीने के लिए बेहतर जगह बनती है, तब क्यों नहीं ऐसी फिल्में बननी चाहिए। सच में प्राउड फील करती हूं कि आलिया इस तरह फिल्में चूज कर रही हैं। खुशी इस बात की भी है कि बॉलीवुड सिर्फ ग्लैमर, फन के लिए नहीं है, बल्कि ऐसी बड़ी हस्तियों पर भी फिल्में बन रही हैं, जिन्हें हम सेलिब्रेट नहीं कर पाए हैं। फिर तो चाहे उनके अचीवमेंट कितने बड़े या कितने छोटे हैं, जरूरी यह है कि हम उनको सेलिब्रेट करें। ऐसी महान हस्तियों को हम फिल्मों के द्वारा सेलिब्रेट कर रहे हैं।

### आप तेलुगू फिल्म में डेब्यू कर रही हैं। बॉलीवुड से जाकर साउथ में काम करने को लेकर क्या खास स्ट्रेटजी बनाई हैं?

कोई स्ट्रेटजी नहीं बनाई है। प्लान यही है कि मैं ज्यादा से ज्यादा ऑडियंस तक पहुंच पाऊं। फिर तो चाहे मराठी ऑडियंस हों, हिंदी स्पीकिंग हो या तेलुगू हो। मुझे लगता है कि जब फिल्मों की बात होती है, तब लैंग्वेज वैरियर नहीं है। मैं एक्सप्लोर करना चाहती हूं। मुझे अलग-अलग भाषा सीखने का बड़ा शौक है। बतौर एक्टर हर तरह के कैरेक्टर निभाने का चैलेंज लेने में अच्छा लगता है, क्योंकि अगर ऐसा नहीं करती, तब चीजें एक जैसी लगने लगती है। हो, साउथ हो, बॉलीवुड हो, हॉलीवुड हो, टॉलीवुड में हो, वह अच्छा काम हर जगह करना चाहूंगी।



### सुना है कि जर्सी फिल्म में शाहिद कपूर को थप्पड़ मारने वाले सीन में आपको बड़ी हिचकाहट हो रही थी?

कैमरे के पीछे मैंने कभी किसी को थप्पड़ नहीं मारा है। मैं ऐसी इंसान हूं, जो चाहती हूं कि बातचीत में ही मामला सुलझ जाएं। हां, सेट पर पर शाहिद को थप्पड़ मारने में थोड़ा संकोच हुआ था। बड़ा डिफिकल्ट भी था, क्योंकि शाहिद कपूर को बहुत मानती हूं। वे बहुत उम्दा कलाकार हैं। शाहिद को थप्पड़ मारने के लिए मुझे डर लग रहा था कि कहीं जोर से न लग जाए। लेकिन वह सीन बहुत अच्छा बन पड़ा है। विश्वास है कि वह सीन लोगों को बहुत पसंद आएगा। मैं चाहती हूं कि लोग इसे थिएटर में जाकर देखें कि विद्या ने क्यों अर्जुन को थप्पड़ मारा। देखिए, बतौर एक्टर अलग-अलग किरदार निभाने और को-एक्टर के मिलता है।

### इस तरह जर्सी से सेट पर का कोई और वाकया बताइए?

पेंडेमिक की वजह से हमारी फिल्म रुक गई थी। जब रिज्यूम किया, तब हम सबके लिए बहुत मुश्किल था, क्योंकि हम सब पीपी किट में शूट कर रहे थे। मुझे क्रिकेट देखने का बचपन बड़ा शौक है, क्योंकि मेरे सारे भाई क्रिकेट खेलते हैं। भाई के साथ मैं भी स्टेडियम क्रिकेट देखने जाती थी। एक बार हम लोग स्टेडियम में बैठकर सचिन-सचिन चिल्ला रहे थे। इसी तरह फिल्म में एक शॉर्ट है, जहां पर खड़ी होकर मैं अर्जुन-अर्जुन चिल्ला रही हूं। सीन करते हुए लगा कि यह मेरी लाइफ का एक हिस्सा है। यह सीन निभाते समय ऐसा भी लग रहा था कि इसकी रिहर्सल सालों पहले कर चुकी हूं। मुझे लगता है कि यह भाव एक क्रिकेट फैन और सचिन फैन ही समझ सकता है।

### जर्सी के लिए खास तैयारी क्या करनी पड़ी?

खास तैयारी यही करनी पड़ी कि औरतों की 1990 या 1980 में प्रायोरिटी क्या होती थी। मैंने अपनी मम्मी से, दोस्तों की मम्मियों से काफी सारी बातचीत की। उनकी तस्वीरें मंगवाकर देखा। इन सबके साथ थोड़ा वक्त गुजारा। उनसे जाना कि उस वक्त सोसायटी क्या एक्सपेक्ट करती थी। स्पेशली नार्थ इंडिया में किस तरह के डिसीजन लिए जाते थे। डायरेक्टर के साथ बैठकर काफी बातचीत की।

फिजिकली कोई चैलेंज नहीं था, लेकिन इस टॉपिक को लेकर मम्मी या उस दौर की महिलाओं के साथ काफी वक्त गुजारा। थैंक गॉड, इतनी अच्छी फिल्म बनती है, जिसकी वजह से अपनी मम्मी के बारे में और भी बहुत कुछ जान पायी। उन्होंने अपनी लाइफ में बहुत सारे डिसीजन क्यों लिए, जो बहुत जरूरी थे। मेरी आंखों में उनकी इज्जत और बढ़ गई।

# खाने-पीने की चीजें भी आपकी नींद उड़ा सकती हैं, जानिए सोने से पहले क्या खाना सही, क्या नहीं



अच्छी सेहत का नींद से गहरा रिश्ता है। नींद पूरी न होने से हम कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। नींद पर हमारे खानपान का भी असर पड़ता है। हम आए दिन ऐसे बहुत सारे फूड्स खाते हैं, जिनसे हमारी नींद उड़ जाती है। ये लॉन्ग टर्म में हमारी स्लीप साइकिल खराब कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि अच्छी नींद के लिए क्या खाना चाहिए और क्या नहीं।

### नींद के लिए इन फूड्स से बचना जरूरी

**कैफीन:**- कैफीन आपकी नींद को बुरी तरह खराब कर सकता है। ये इंग्रीडिएंट कॉफी, चाय और डार्क चॉकलेट में पाया जाता है।

**टमाटर:**- टमाटर एसिडिटी का कारण बन सकता है। इसलिए सोने से पहले इसे खाने से बचना चाहिए। टमाटर आपकी बेचैनी भी बढ़ा सकता है जिससे आपकी नींद खराब हो सकती है।

**शराब:**- शराब आपके स्लीपिंग पैटर्न को डिस्टर्ब कर सकती है।

**मसालेदार खाना:**- ज्यादा मसाले वाला खाना आपको रात में जागने पर मजबूर कर सकता है। इससे सीने में जलन और एसिडिटी हो सकती है।

**मिठाई:**- सोने से पहले ज्यादा मीठा नहीं खाना चाहिए। इससे नींद आने में परेशानी होती है।

**फास्ट फूड:**- जंक फूड से अच्छी नींद आने में मुश्किल होती है। इनमें ज्यादा शुगर, फैट और कार्बोहाइड्रेट होता है, जिससे सोने में समस्या होती है। फास्ट फूड से मोटापा भी बढ़ता है जिससे स्लीप एपनिया की बीमारी हो सकती है।

### नींद के लिए ये फूड्स सही

**दूध:**- हल्का गर्म दूध अच्छी नींद के लिए एक बहुत ही लोकप्रिय घरेलू नुस्खा है। बचपन से ही हमें सोते समय दूध पीने की सलाह दी जाती है।

**हर्बल टी:**- सुकून की नींद के लिए कैमोमाइल टी एक अच्छा ऑप्शन है। जिन लोगों को इनसोमनिया यानी नींद न आने की बीमारी होती है, उन्हें सोने से पहले ये पीने को कहा जाता है।


**बादाम और अखरोट:**- इन ड्राई फ्रूट्स में स्लीप को रेगुलेट करने वाले मेलाटोनिन हॉरमोन की मात्रा अधिक होती है। इससे नींद की क्वालिटी बेहतर होती है।

**कीवी:**- इस फल में नींद को बेहतर बनाने वाले कई गुण होते हैं। एक स्टडी के अनुसार सोने से एक घंटे पहले दो कीवी खाने से जल्दी नींद आने लगती है।

**सफेद चावल:**- सोने से एक घंटा पहले सफेद चावल खाने से नींद की क्वालिटी बेहतर होती है। इससे आपके सोने की अवधि भी लंबी होती है। हालांकि इसे सही मात्रा में खाना ही बेहतर होता है क्योंकि इसमें कार्बोहाइड्रेट ज्यादा होता है।

# बॉलीवुड से आगे साउथ इंडस्ट्रीः वलिमे ने पहले दिन कमाए 62 करोड़ रुपए, कोरोनाकाल में 4 फिल्मों ने की 40 करोड़ की ओपनिंग, इन्हें टक्कर देने वाली सूर्यवंशी इकलौती हिंदी फिल्म

साउथ सुपरस्टार अजीत की फिल्म वलिमे 24 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन ही 62.36 करोड़ रुपए की कमाई कर कई फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म ने तमिलनाडु में 32 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर इस राज्य में सबसे ज्यादा कलेक्शन करने का रिकॉर्ड कायम कर लिया है। कोरोनाकाल के बाद से ही साउथ इंडस्ट्री की फिल्में लगातार बेहतरीन ओपनिंग और बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की कमाई से रिकॉर्ड बना रही हैं। वहीं दूसरी तरफ देखें तो बॉलीवुड की महज सूर्यवंशी ही इकलौती ऐसी फिल्म है जिसने बॉक्स ऑफिस में साउथ की फिल्मों को टक्कर दी है। आइए जानते हैं पिछले 3 सालों में कोरोनाकाल के दौरान किन साउथ और बॉलीवुड फिल्मों ने सबसे बेहतरीन ओपनिंग की है-



### अन्नाथे

थलाइवा रजनीकांत और कीर्ति सुरेश स्टारर फिल्म अन्नाथे एक ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई थी, जिसने पहले दिन 70 करोड़ रुपए का ओपनिंग कलेक्शन किया था। महज एक हफ्ते में ही ये फिल्म 200 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई थी। फिल्म 4 नवम्बर 2021 में रिलीज हुई ये फिल्म रजनीकांत की 9वीं ऐसी फिल्म थी जिसने 100 से ज्यादा का कलेक्शन किया था। ये कोरोनाकाल की सबसे ज्यादा कलेक्शन और ओपनिंग करने वाली फिल्म है।

### मास्टर

कोरोना की दूसरी लहर के पीक में रिलीज हुई साउथ सुपरस्टार विजय की फिल्म मास्टर ने पहले ही दिन 42 करोड़ का कलेक्शन किया था। ये सिनेमाघर खुलने के बाद रिलीज हुई पहली हिट फिल्म थी। हैरानी की बात ये थी कि फिल्म ने ये ओपनिंग कलेक्शन महज 50 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी में खुले सिनेमाघरों से किया था। फिल्म ने ओवरसीज 230 करोड़ रुपए की कमाई की है।

### पुष्पा

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म पुष्पाः द राइज ने रिलीज के पहले ही दिन भारत में 44 करोड़ रुपए कमाए थे, जबकि दुनियाभर में इसने 51 करोड़ का कलेक्शन किया था। फिल्म ने महज 3 दिनों में 100 करोड़ के क्लब में जगह बना ली थी। फिल्म के हिंदी रिलीज को पहले हफ्ते 26 करोड़ रुपए मिले थे। फिल्म और इसके गाने इतने हिट हुए कि इसके स्टेप ट्रेंड में आ गए थे।

### सूर्यवंशी

सिनेमाघर खुलने के बाद ये पहली बॉलीवुड फिल्म थी जिसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया था। कई महीनों तक टलने के बाद फिल्म को 5 नवम्बर 2021 में रिलीज किया गया था, जिसने 26.29 करोड़ रुपए का ओपनिंग कलेक्शन किया था। फिल्म में अक्षय कुमार, कटरीना कैफ लीड रोल में थे, जबकि अजय देवगन और रणवीर सिंह भी फिल्म में कैमियो करते दिखे थे।

### वकील साब

9 अप्रैल को रिलीज हुई पवन कल्याण की फिल्म वकील साब ने पहले दिन ही 42 करोड़ रुपए कमाए थे। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 137 करोड़ रुपए कमाए थे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- 9303289950, 9827806026, 8962815243





















## खास खबर

### खेल मंत्रालय ने भारत के बैडमिंटन युगल कोच के रूप में टैन किम हर की नियुक्ति को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने मलेशियाई बैडमिंटन कोच, टैन किम हर को 2026 के एशियाई खेलों तक भारत के युगल कोच के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। इस 50 वर्षीय कोच की भारत वापसी से देश में युगल स्पर्धा के लिए संयोजनों का स्टॉक बढ़ेगा। 24 वर्षीय चिराग शेट्टी, जोकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के साथ पुरुष युगल की विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर हैं, ने इस घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने कहा, सात्विक और मैं इस बात से खुश हैं कि टैन कोच वापस हमारे साथ आयेंगे। हम हमेशा उनकी ओर देखते हैं क्योंकि उन्होंने हम दोनों को हमारी शुरुआती झिझक के बावजूद एक साथ जोड़ा जबकि हम दोनों एक जैसे थे, लेकिन हम दोनों में से कोई भी फ्रंट कोर्ट पर खेलने को लेकर आश्वस्त नहीं था। चिराग ने कहा, टैन कोच के विश्वास ने हमें उस स्तर तक पहुंचने में मदद की जहां आज हम हैं। भारत छोड़ने के समय तक, उन्होंने हमें गुमनामी से उठाकर शीर्ष 16 में पहुंचा दिया। हम उन्हें वापस शामिल करने के लिए भारतीय बैडमिंटन संघ और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के आभारी हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के महासचिव अजय के. सिंघानिया ने कहा, कोच टैन किम हर भारतीय बैडमिंटन इकोसिस्टम से अच्छी तरह परिचित हैं और उनके शामिल होने से युगल दल को और भी अधिक मजबूती मिलेगी। मुझे खुशी है कि उनकी नियुक्ति को अंजाम देने के लिए बीएआई और साई एक साथ आए, जिससे न सिर्फ हमारी प्रमुख युगल जोड़ी, चिराग (शेट्टी) और सात्विक (रंकीरेड्डी) को मदद मिलेगी, बल्कि युगल स्पर्धा के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की अगली पंक्ति को तैयार करने में भी मदद मिलेगी। भारत में युगल कोच के रूप में अपने पहले कार्यकाल (2015-2019) के दौरान, टैन ने सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन के पुरुष युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में और अश्विनी पोनप्पा और सिक्की रेड्डी को महिला युगल रैंकिंग में शीर्ष 20वें स्थान पर पहुंचाने के लिए प्रशिक्षित किया था। इसके अलावा, उन्होंने छह जोड़ियों को अलग-अलग जोड़ियों की श्रेणी में शीर्ष 50 में स्थान दिलाया।

# बिहान से महिलाएं आत्म निर्भर बने - मंत्री टीएस सिंहदेव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम। माघी पुन्नी मेला के दसवें दिन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बिहान स्व सहायता समूह एवं पंच सरपंच सम्मेलन में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी. एस. सिंहदेव ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहान के माध्यम से बहनें एकजुट होकर आय अर्जित करे और आर्थिक रूप से संपन्न बनें।**

बहनें इतना सशक्त हो जाए कि उनके खर्च करने की स्थिति में सुधार हो। कम से कम एक बहन की आय 6000 से 8000 रूपया मासिक आमदानी होनी चाहिए बहने समूह के माध्यम से अलग अलग सामाग्री तैयार करे ताकि इनका विक्रय आसानी से हो। उन्होने ने




पंचायत प्रतिनिधियों को कहा की ई पंचायत के माध्यम से अधोसंरचना की जानकारी ऑनलाईन मिलेगी, उन्होने बताया कि सड़के पांच साल के अंतर्गत खराब हो जाती है तो उसे सुधारने की पूरी जिम्मेदारी ठेकेदार की है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क में टूट फुट की स्थिति मे 10 साल से ज्यादा समय होने पर उन्नयन के लिए अलग से फंड की व्यवस्था हैं। उन्होने इस आयोजन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को बधाई दी। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं राजिम विधायक अमितेश शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंचायतों को और ज्यादा ताकत मिले इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेष बघेल निरंतर प्रयासरत है। प्रदेष सरकार ने जो कहा था उसे धीरे धीरे करके पूरा किया जा रहा है। बिहान के अलग अलग समूह होते है हमारा प्रयास है कि सभी बहनो को लाभ मिले। उन्होने कहा कि पंचायती राज में अब पैसा नीचे तक पहुच रहा है। यह पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की देन है। श्री शुक्ल ने आगे कहा कि राजिम मेला प्रेम, स्नेह का प्रतीक है। हमारी सरकार आते ही मुख्यमंत्री भूपेष बघेल ने सबसे पहले पुन्नी मेला तक 15 दिन के लिए शराब दुकान एवं मास बिक्री पर प्रतिबंध लगाकर महिलाओं का सम्मान किया है। इस एतिहासिक निर्णय के लिए उन्होने मुख्यमंत्री और सरकार को धन्यवाद दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा कि राजिम प्रदेश का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल है यहां आदिकाल से मेला लग रहा है। हजारो साल से राजिम मेला की परंपरा है। राजिम की महत्ता अपने आप मे पूर्ण है। यहाँ साक्षात तीन नदियो का संगम है। भगवान विष्णु राजीवलोचन के रूप मे विराजमान तथा महादेव कुलेश्वरनाथ के रूप में संगम मे स्थित है अर्थात यह धरा हरि और हर की है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, जनपद पंचायत फिगेंश्वर के अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष होमन साहू ने सम्बोधित किया। जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव ने प्रतिवेदन के माध्यम से बिहान की जानकारी दी। सम्मेलन में अतिथियो ने लैपटॉप, टेबलेट एवं चेक हितग्राहियो को वितरण किया। जिनमे 184 स्व सहायता समूहों को चक्रिय निधि की राशि कुल 27 लाख 60 हजार रूपया, का चेक, सामुदायिक निवेश निधि में 119 समूहों को कलस्टर संगठन के माध्यम से राशि 71लाख 40 हजार रूपये का चेक वितरण किया। बैंक लिकेंज के अंतर्गत 102 समूहो को 2.04 करोड़ रूपये का चेक प्रदान किया गया। इसी तरह से 3 लैपटॉप बीसी सखी को दिया गया। टैबलेट गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखंड के उत्थान सखी को दिया गया।

# मंत्री श्रीमती भेंडिया ने दी विकास कार्यों की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने आज बालोद जिले के डौण्डी विकासखण्ड के कई गांवों को विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने गांवों का दौरा कर विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कर ग्रामीणों को शुभकामनाएँ दी।

श्रीमती भेंडिया ने ग्राम अड़जाल में नवीन स्कूल भवन, ग्राम खैरवाही में नल-जल योजना के अंतर्गत पाइप लाईन विस्तार और स्कूल भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्राम अवारी में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण और ग्राम लखमाटोला में स्कूल भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन किया। मंत्री श्रीमती भेंडिया ने ग्रामीणों की मांग पर ग्राम अड़जाल में




सांस्कृतिक कलामंच और ग्राम लखमाटोला में पटेल सामुदायिक भवन की घोषणा की।

मंत्री श्रीमती भेंडिया ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को भी भविष्य में बेहतर अवसर मुहैया कराने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शालाओं की स्थापना की। अब राज्य सरकार ने बालवाड़ी की स्थापना की पहल की है। इन बालवाड़ी केन्द्रों में 05 वर्ष से 06 वर्ष आयु के बच्चों के लिए खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से सीखने पर जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही श्रीमती भेंड़िया ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया और उसका लाभ उठाने उन्हें प्रेरित किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत डौण्डी की अध्यक्ष श्रीमती बसंती दुग्गा, उपाध्यक्ष श्री पुनीत सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# कोरोना महामारी में भी देश को रुकने नहीं दिया कोयला क्षेत्र ने : प्रल्हाद जोशी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि हमारा कोयला क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और हमारे श्रमिक साथी इस कोयला क्षेत्र की बेहद मजबूत नींव हैं। जब पूरे देश को कोरोना के चलते लगाए गए लॉकडाउन में तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, तब हमारे श्रमिक साथियों ने अपने त्याग, लगन और समर्पण से बिजली क्षेत्र को कोयले की कोई कमी नहीं होने दी और देश को रुकने नहीं दिया।

जोशी शुक्रवार को आयोजित अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ (एबीकेएमएस) के 18वें त्रैवार्षिक अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। कोरोना महामारी के दौरान और बाद में कोयला योद्धाओं के योगदान को रेखांकित करते हुए जोशी ने कहा कि एक ओर जहां हमारे कोरोना योद्धा देश को महामारी से बचा रहे थे, वहीं दूसरी ओर हमारे कोयला योद्धा देश में बिना किसी रुकावट के कोयला की सप्लाई बनाए रखे हुए थे। तब भी कोयला क्षेत्र के श्रमिकों ने राष्ट्र के लिए रिकॉर्ड कोयला उत्पादन और डिस्पैच करके देश में कोयले की कमी होने की किसी भी संभावना को पहले ही खत्म कर दिया।

मोदी सरकार द्वारा कोयला क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय कोयला मंत्री जी ने कहा कि इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि पिछले वेतन समझौते के समाप्त होने से 45 दिन पहले ही नई जेबीसीसीआई का गठन कर दिया गया था।

# मंडाविया ने उद्योग और शैक्षणिक समुदाय की भागीदारी को अधिक मजबूत बनाने का किया आह्वान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली(पीआईबी)। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने इंडस्ट्री कनेक्ट 2022; उद्योग और शैक्षणिक समुदाय तालमेल सेमिनार का (रसायन और उर्वरक और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री) भगवंत खुबा की उपस्थिति में उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्रीमती आरती आहूजा, सचिव (रसायन और पेट्रोकेमिकल); डॉ. शिशिर सिन्हा, महानिदेशक, सिपेट; काशी नाथ झा, संयुक्त सचिव रसायन एवं पेट्रो-रसायन विभाग तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।**

इस अवसर पर मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कोविड-19 महामारी का प्रभावी रूप से प्रबंधन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिक और चिकित्सा समुदाय को हर संभव सहायता प्रदान की, जिससे भारत वैक्सीन अनुसंधान में अन्य उन्नत देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने में समर्थ हुआ।

उन्होंने राष्ट्र की प्रगति के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी के महत्व पर जोर देते हुए उद्योग




शैक्षणिक समुदाय की व्यापक भागीदारी का आह्वान किया जिससे अनुसंधान, नवाचार और शिक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

मंडाविया ने यह भी कहा कि नवाचार और गुणवत्ता युक्त उत्पादों के निर्माण से प्रधानमंत्री मोदी के मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के विजन को साकार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले भारतीय उत्पाद दूर-दूर तक जाकर आत्मनिर्भर भारत और भारत की आर्थिक समृद्धि में योगदान देंगे। मंडाविया ने अपना विश्वास व्यक्त किया कि सेमिनार में इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक रोडमैप तैयार करने के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए खुबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत का विजन न केवल आत्मनिर्भर होने के बारे में बल्कि वैश्विक समुदाय की अपेक्षाओं को पूरा करने के बारे में भी है। उन्होंने यह भी कहा कि रासायनिक और पेट्रोरसायन उद्योग भी न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा करने में, बल्कि निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक मांग को पूरा करके इस विजन में अपना योगदान करने के लिए विशिष्ट रूप से तैयार है और सिपेट को इस बारे में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

श्रीमती आरती आहूजा ने कहा कि इस क्षेत्र में बहुत से स्टार्ट-अप को तकनीकी सहायता की आवश्यकता है और सिपेट उनकी सहायता कर सकता है। उद्योग को इस क्षेत्र के लिए बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए सिपेट के साथ और जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगे विकास की अपार संभावनाएं हैं और अब नवाचार का समय है क्योंकि दुनिया व्यवधानों के साथ बदल रही है और हमें इन्हें अपने लाभ में बदलने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। फिक्की पेट्रोकेमिकल्स कमेटी के अध्यक्ष और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड के एमडी और सीईओ प्रभा दास ने कहा कि हमें अधिक डिजिटलीकरण होने और आगे रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस पर ध्यान केंद्रित करने से निश्चित रूप से कंपनियों में दक्षता और उत्पादकता बढ़ेगी। राजेश कुमार पाठक, सचिव, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने उद्योग से आयात प्रतिस्थापन के लिए पहल करने का आग्रह किया और प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड उन्हें बढ़ावा देगा। उन्होंने वित्त पोषण सहायता सहित उद्योग को हर संभव मदद देने का भी आश्वासन दिया। प्रोफेसर (डॉ) शिशिर सिन्हा, महानिदेशक सिपेट ने सिपेट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंडस्ट्री कनेक्ट 2022 आयोजन के पीछे सिपेट और उद्योग के बीच तालमेल स्थापित करने की मंशा है। उन्होंने उद्योग के लिए सिपेट में उपलब्ध कौशल और तकनीकी सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीपीएमए के अध्यक्ष कमल नानावती ने इस क्षेत्र में कौशल अंतर को पाटने की जरूरत पर जोर दिया। टिकाऊ उत्पाद और नवाचार डिजाइनिंग, भविष्य के लिए प्रौद्योगिकी संभावनाएं तथा और नए विकास चालक/उप चालक/उत्प्रेरक के लिए उद्योग 4.0 को भी प्रस्तुत किया।

### एमआईसी सदस्य ने तुंहर पार्षद तुंहर दुवारी शिविर लगाकर जनसमस्याएं सुनीं

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अध्यक्ष सुन्दर लाल जोगी ने नगर निगम रायपुर के दानवीर भामाशाह वार्ड नम्बर 26 के मंगल बाजार सामुदायिक भवन के पास के क्षेत्र में तुंहर पार्षद तुंहर दुवारी शिविर लगाकर सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, परिवार सहायता से सम्बंधित जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं सम्बंधित निगम अधिकारियों को वार्डवासियों की समस्याओं का शीघ्र नियमानुकूल निदान जनहित में प्राथमिकता से करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया। सदस्य सुन्दरलाल जोगी ने वार्ड के निवासियों को राशन कार्ड वितरित किये।

# कक्षा नवमी से बारहवीं तक गणित और विज्ञान ओलंपियाड का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज


**रायगढ़।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ ने कक्षा नवमी से बारहवीं तक गणित और विज्ञान ओलंपियाड का आयोजन 25 फरवरी को पूरे छत्तीसगढ़ में एक साथ कराये जाने के दिशा निर्देश जारी किये गए थे। जिले में आयोजित होने वाले गणित और विज्ञान ओलंपियाड परीक्षा डाईओ आर.पी.आदित्य के निर्देशन व डीएमसी देवांगन के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

जिसमें एपीओ द्वय समग्र शिक्षा भुवनेश्वर पटेल व उक्त परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार की देखरेख में हुआ। गणित और विज्ञान के ओलंपियाड के आयोजन हेतु राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी निर्देश में कहा गया था कि कक्षा नवमी से बारहवीं तक उन शासकीय शालाओं के बच्चों को परीक्षा में शामिल किया जाना है जहां शालाओं की दर्ज संख्या 250 से अधिक होगी। राज्य कार्यालय के द्वारा रायगढ़ जिले के 40 शालाओं का चयन किया गया है, जिसमें कक्षा 9 वीं में 4821 विद्यार्थी, 10 वीं कक्षा में 5421, कक्षा 11 वीं 1766 एवं कक्षा 12 वीं में 1646 विद्यार्थियों को गणित एवं विज्ञान की ओलंपियाड परीक्षा में बैठने की पात्रता थी। राज्य कार्यालय के जारी निर्देश अनुसार परीक्षा हेतु जिन शालाओं के बच्चे परीक्षा में बैठेंगे उन सभी शालाओं को परीक्षा केन्द्र बनाया जाएगा। जिले के चयनित सभी 40 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उक्त सभी केन्द्रों में आज 25 फरवरी को कक्षा 09 से 12 वीं के सभी परीक्षार्थियों की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन उसी शाला स्तर पर किया जाकर अंक तालिका तैयार कर संकुल समन्वयक के पास परीक्षा के एक दिन पश्चात जमा करना होगा तथा विद्यार्थियों को उनके प्राप्तांकों से अवगत कराना होगा। मूल्यांकन हेतु प्रत्येक परीक्षा केंद्र में मॉडल आंसर उपलब्ध कराया गया है। उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन हेतु मूल्यांकन कर्ता को प्रति उत्तर पुस्तिका 50 पैसे की दर से पारिश्रमिक भुगतान किया जाएगा।




































## खास-खबर

### पड़ोसी के लात मारने से बकरी की मौत, दर्ज हुआ हत्या का मामला

**भिलाई।** शहर के खुर्सीपार थाना में एक बकरी की हत्या का मामला दर्ज हुआ है। आरोप है कि शिकायत कर्ता के पड़ोसी ने बकरी को लात मारी। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। घटना की शिकायत पर खुर्सीपार पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर बकरी के शव का पोस्टमार्टम करवाया है। लेकिन, अभी तक पोस्टमार्टम की रिपोर्ट नहीं मिली है। जिसके चलते अभी तक बकरी की मौत का कारण पता नहीं चल सका है।

पुलिस ने बताया कि अटल आवास शिवाजी नगर खुर्सीपार निवासी शिकायतकर्ता मुस्कान अंसारी ने अपने पड़ोसी पप्पू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता की मां शकीना ने पांच बकरियां पाल रखी है। शिकायत कर्ता ने बुधवार को सभी बकरियों को अपने घर की सीढ़ियों के पास बांधकर रखा था। बुधवार की रात को सभी बकरियों को ऊपर वाले कमरे में ले जाते समय एक बकरी कूदकर उसके पड़ोसी पप्पू के आंगन में चली गई थी। आंगन में बकरी के जाने पर पप्पू ने बकरी के गले पर जोरदार लात मार दी। जिससे बकरी वहीं पर गिरकर छटपटाने लगी। शिकायत कर्ता अपनी बकरी को लेकर ऊपर वाले कमरे में गई। जहां बकरी रात भर चिल्लाती रही और सुबह उसकी मौत हो चुकी थी। शिकायत कर्ता ने आरोप लगाया कि लात मारने के कारण ही उसकी बकरी की मौत हुई है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित पप्पू के खिलाफ पशु वध की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

छत्तीसगढ़ में भीषण सड़क हादसा, 4 की मौत, 24 घायल

# अचानक पिकअप वाहन पलटा, शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे सभी लोग

**सूरजपुर (ए)।** सूरजपुर जिले में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया है। जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 24 लोग घायल हुए हैं। इनमें 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि सभी पिकअप में सवार होकर शादी में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान पिकअप वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा प्रेमनगर थाना क्षेत्र में हुआ है।



प्रेमनगर थाना इलाके के रहने वाले लोग पिकअप में सवार होकर शिवपुर में शादी समारोह में शामिल होने निकले थे। ये अभी दोपहर करीब 2 बजे बिरंचि बाबा धाम के पास पहुंचे थे। इसी वक्त ये हादसा हो गया। हादसे में मौके पर ही 3 महिला समेत 4 लोगों की मौत हो गई है। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई थी।

### ज्यादातर महिलाएं बैठी थीं

पता चला है कि उस पिकअप गाड़ी में ज्यादातर महिलाएं बैठी थीं। हादसे के बाद घायलों को तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया था। यहां 2 की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें अंबिकापुर रेफर किया गया है। खबर लगते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंची थी। जिसके बाद लोगों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल भेजा गया है।

### विधायक हाल जानने पहुंचे

इधर, जब इस घटना की जानकारी प्रेमनगर विधायक खेलसाय सिंह को लगी तो वह भी जिला अस्पताल घायलों का हाल जानने पहुंचे थे। उन्होंने डॉक्टरों को घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं। इस हादसे में प्रेमनगर की रहने वाली लीलावती सिंह की मौत हुई है।

# गार्डन में धक्का लगने पर विवाद चार नाबालिगों ने कर दी हत्या

**बिलासपुर (ए)।** तालापारा समता कालोनी स्थित गार्डन में दिनदहाड़े नाबालिग की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। हमले में एक युवक की स्थिति गंभीर है। उसे रायपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद पहुंची पुलिस की टीम ने पूछताछ के बाद तालापारा में अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर चार नाबालिग को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। उनसे खून से सना चाकू भी जब्त कर लिया गया है।

राजीव गांधी चौक के पास रहने वाले 17 वर्षीय नवीन महादेवा अपने साथियों मंझवापारा निवासी उदय चक्रवर्ती, मोहम्मद शाकिर के साथ समता कालोनी गार्डन गए थे। दोपहर तीन बजे वहां मोहल्ले में रहने वाले नाबालिग आए। एक दिन पहले धक्का लगने पर हुए विवाद को लेकर उन्होंने नवीन और उसके साथियों से विवाद शुरू कर दिया। इसका विरोध करने पर एक नाबालिग ने अपने पास रखा चाकू निकालकर नवीन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान उसे बचाने आए उदय के सीने पर भी चाकू से वार किया। हमले में खून से लथपथ नवीन और उदय वहीं पर गिर गए। हमले के बाद आरोपित नाबालिग वहां से भाग निकले। मोहम्मद शाकिर ने घटना की जानकारी नवीन और उदय के स्वजन को दी।

साथ ही घायलों को सिम्स में भर्ती कराया। सिम्स में डाक्टरों ने नवीन को मृत घोषित कर इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस ने चार नाबालिग को गिरफ्तार किया है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-1029/NIT-33/ 2021-2022/ व ले लि  दिनांक 23.02.2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 04.03.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 09.03.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 10.03.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम / No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि(रू.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 33 T0288 | बेमेतरा उपसंभाग के विभिन्न मार्गों का साधारण मरम्मत का कार्य | 19.98 15000.00 |
| 33 T0289 | साजा उपसंभाग के विभिन्न मार्गों का साधारण मरम्मत का कार्य | 19.98 15000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-68177/4

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. ( भ/स ) संभाग, बेमेतरा


### रिहायशी इलाके में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग के दौरान ब्लास्ट, दो झुलसे

**रायपुर (ए)।** राजधानी के कबीर नगर के सोनडोंगरी रिहायशी क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर से अवैध रिफिलिंग करने के दौरान हादसा हुआ। धमाके के साथ सिलेंडर में लगी आग से दो लोग जल गए। आग लगने से इसके बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। हालांकि बड़ा हादसा होने से टल गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। वहीं घायलों को तत्काल इलाज के लिए भेजा गया। पुलिस संचालक के खिलाफ जांच के बाद मामला दर्ज कर कार्रवाई करेगी।


सोंनडोंगरी इलाके में टीन सेड लगाकर घरेलू गैस सिलेंडर से गैस रिफिलिंग का काम किया जा रहा था। तभी अचानक धमाके के साथ सिलेंडर में आग लग गई। आग से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में वहां काम कर रहे दो लोगों को चोट आई है। हादसे की सूचना मिलते ही कबीर नगर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। यहां से 40 से ज्यादा छोटे-बड़े गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। आरोपितों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

#### गड्ढे में फेंके गए सिलेंडर

मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने पहले आग पर काबू पाया। इसके बाद तत्काल वहीं पास में एक बड़े गड्ढे में पानी भरा और सभी सिलेंडर को उसमें डाला। जिससे आगे किसी भी तरह के ब्लास्ट की संभावना न रहे।

# ऑनलाइन चाकू मंगाने वालों की पुलिस कर रही जांच, 58 जब्त

रायपुर। एक तरफ शहर में पुलिस ने चाकू बाजों के खिलाफ विशेष अभियान चला कर रखा है। आनलाइन साइड्स के जरिए अब तक मंगवाए गए लगभग एक हजार अलग-अलग चाकूओं को जब्त किया गया है। इसके बाद भी दो माह में रायपुर में अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा विगत दो माह में 58 ऑनलाइन लाइन आर्डर कर धारदार, बटनदार व अन्य किस्म के चाकू मंगवाए गए। इसमें ज्यादातर 16 से 25 वर्ष के युवक हैं। पुलिस ने सब को बुलाकर समझाइस दी और चाकू जब्त किया।



#### ऑनलाइन साइटों से मांगी गई जानकारी

ऑनलाइन शापिंग साइट्स जैसे फ्लिप्कार्ट, स्नैपडील, अमेजान, शापक्लूज एवं मीशो सहित अन्य शापिंग साइट से धारदार व घातक चाकू मंगाने वालों पर नजर रखी जा रही। पुलिस चाकू मंगवाने वालों की जानकारी कंपनी से अपने पास रखती है। इसके बाद बताए गए पते पर जाकर चाकू जब्त किया जाता है। इसके कई नाबालिग हैं जिनके स्वजनों को इसकी जानकारी तक नहीं रहती।

#### पुलिस की अपील

रायपुर पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की है कि वे आनलाइन शापिंग साइट्स से बटनदार, धारदार व घातक चाकू-गुप्ती जैसे अन्य हथियार न मंगाए। चाकूबाजों के संबंध में जानकारी देकर रायपुर पुलिस का सहयोग करें, जिससे चाकूबाजी की घटनाओं पर पूर्ण रूप से काबू पाया जा सके। गौरतलब है कि राजधानी में लगातार चाकूबाजी की हो रही घटनाओं को देखते हुए पुलिस चौक-चौराहों पर अभियान चलाकर चेकिंग कर रही है। संदिग्ध लोगों की मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पकड़ रही है। इसके साथ ही मादक पदार्थों को बेचने वालों को भी गिरफ्तार कर रही है।


## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**( प्रथम आमंत्रण )**

सिस्टम निविदा क्र. 93611/निविदा सूचना क्र.44/वलेलि/2021-22 दुर्ग दिनांक 24/02/2022

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 17.03.2022 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :- दुर्ग जिले के विकासखण्ड धमधा के नया हिरेतरा व्यपवर्तन का जीर्णोद्धार एवं वियर की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य साथ ही नहर लाईनिंग कार्य 0 से 3000 मी., 06 नग इनलेट, 06 नग व्ही.आर.बी. निर्माण एवं 05 नग कोलाबा फिक्सिंग कार्य।**

**अनुमानित लागत :- रू. 189.96 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 03.03.2022 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट:** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग ( छ.ग. )
कृते-अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मण्डल
दुर्ग ( छ.ग. )

जी-68198/6



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**( प्रथम आमंत्रण )**

सिस्टम निविदा क्र. 93589/निविदा सूचना क्र.41/वलेलि/2021-22 दुर्ग, दिनांक 24/02/2022

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 17.03.2022 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :- दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की खारून नदी में ग्राम जमराव के पास तटबंध निर्माण कार्य।**

**अनुमानित लागत :- रू. 186.27 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 03.03.2022 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट:** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग ( छ.ग. )
कृते-अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मण्डल
दुर्ग ( छ.ग. )

जी-68165/6









































## खास - खबर

### सड़क क्षेत्र में तार फेसिंग, पक्का निर्माण गैरेज निर्मित कर अवैध कब्जा को निगम ने हटवाया

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश एवं भवन अधिकारी प्रकाशचंद थावनी के मार्ग दर्शन पर आज वार्ड 59,शिव मंदिर के पास, हरिनगर, कातुलबोर्ड, एम.के.मिच द्वारा सड़क क्षेत्र में तार फेसिंग, पक्का निर्माण गैरेज निर्मित कर अतिक्रमण,अवैध कब्जा किया गया था है,जिससे सड़क क्षेत्र बाधित हो रही है, निगम टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर अवैध कब्जा को तोड़कर हटाया गया। इस क्रम स्थित वार्ड 59, कातुलवोर्ड में श्रीमती कल्पना साहनी पति अजय साहनी द्वारा नाली को क्षतिग्रस्त कर अतिक्रमण करते हुए निर्माण कार्य किया गया है.जिससे सड़क एवं नाली क्षेत्र बाधित हो रही है,अतिक्रमणकर्ता को नोटिस के माध्यम से उक्त अवैध कब्जा बाउंड्रीवाल को हटाये के लिए अवगत कराया था।कार्यवाही दौरान अतिक्रमणकर्ता द्वारा मौके पर लिखित आवेदन लेकर स्वयं अतिक्रमण हटा लेने के लिए दो दिनों का समय मांगा है।कार्रवाही के मौके पर सहायक भवन निरीक्षक विनोद मांझी,शिव शर्मा के अलावा टीम मौजूद थे।

### मुबंई-नागपुर-झारसुगुड़ा परियोजना अंतर्गत पाईपलाईन बिछाये जाने पर जिले के प्रभावित कृषकों को मिलेगी क्षतिपूर्ति राशि

**दुर्ग।** भारत सरकार द्वारा लोकहित में गेल लिमिटेड को छत्तीसगढ़ राज्य में मुबंई-नागपुर-झारसुगुड़ा परियोजना के माध्यम से प्राकृतिक गैस परिवहन के लिए पाईपलाइन बिछाया जाएगा। पाइपलाइन दुर्ग जिले के अंतर्गत ग्राम ननकट्टी, अंजोरा, बोरेगांव , टेमरी व अन्य 17 ग्रामों की भूमि प्रभावित होगी। जिले में 38.762 किलोमीटर पाईप लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। पेट्रोलियम और खनिज पाईपलाइन अधिनियम 1962 के तहत प्रभावित कृषकों को भूमि उपयोग अधिकार का मुआवजा एवं खड़ी फसल या अन्य परिसंपत्ति की हानि होने पर क्षतिपूर्ति राशि प्रदान किया जाएगा। परियोजना हेतु भारत के राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन 11 फरवरी 2022 को किया गया। इस अधिसूचना मिलने के 21 दिन के भीतर लिखित रूप से आक्षेप प्राधिकारी गेल(इंडिया) लिमिटेड द्वितीय मंजिल अरीना द बुटीक होटल वीआईपी रोड तेलीबांधा रायपुर को भेज सकते है।

### नेशनल वोटर अवरनेस कांटेस्ट का आयोजन

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के महत्व को रचनात्मकता के माध्यम से प्रदर्शित करने के लिए समस्त नागरिकों हेतु माइ वोट इज माइ फ्यूचर, पावर ऑफवन वोट शीर्षक पर नेशनल वोटर अवरनेस कांटेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। 15 मार्च 2022 को यह आयोजन 5 श्रेणियों में क्विज कांटेस्ट विडियो मेकिंग कांटेस्ट, पोस्टर डिजाईन कांटेस्ट, सांग कांटेस्ट एवं स्लोगन कांटेस्ट में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रतिभागी अपनी रचनात्मकता को अवजमत.बवदजमेज/मबपण्हवअण्पद ई-मेल आई.डी. पर भारत निर्वाचन आयोग को सीधे प्रेषित कर सकते हैं। प्रतियोगिता का लिंग जिला निर्वाचन कार्यालय की वेबसाईड कनतहण्हवअण्पद पर भी उपलब्ध है। प्रतियोगिता की श्रेणी -राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के भाग के रूप में 5 श्रेणी निर्धारित किया गया है। जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, विडियो निर्माण प्रतियोगिता और पोस्टर डिजाईन प्रतियोगिता शामिल है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता- इस प्रतियोगिता में देश में चुनावी प्रक्रिया के बारे में प्रतिभागियों के जागरूकता स्तर को मापने के लिए जिज्ञासु दिमाग से जुड़ना है। इसमें 3 स्तर आसान, मध्यवर्ती व कठिन स्तर शामिल है। प्रतियोगिता के तीनों स्तरों के पूरा होने पर सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट प्रदाय किया जाएगा। गीत प्रतियोगिता के अंतर्गत शास्त्रीय, समकालीन, रैप, इत्यादि सहित किसी भी रूप में गीत के माध्यम से रचनात्मक दिमाग की प्रतिभा और क्षमता का उपयोग करना है।

# यूक्रेन में फंसे छत्तीसगढ़ के लोगों की सकुशल वापसी के लिए सीएम चिंतित, कर रहे हैं उच्च स्तरीय पहल : वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। भिलाई से मेडिकल की पढ़ाई करने यूक्रेन पहुंचे स्टूडेंट्स ने पूरी रात हॉस्टल के बेसमेंट में गुजारी। रूस द्वारा लगातार मिसाइल अटैक के कारण रात भर रह.रह कर धमाके गूंजते रहे। भारी दहशत के बीच स्टूडेंट्स ने स्नैक्स और चाय के सहारे रात गुजारी। इधर भिलाई में चिंतित माता.पिता भी जल्द से जल्द अपने बच्चों को यूक्रेन से वापस भारत लाने की व्यवस्था के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।**



यूक्रेन के खारखीव मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही दीप्ती पांडेय के पिता अशोक पांडेय से आज दुर्ग के वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने मुलाकात की। दीप्ती से वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत के दौरान वोरा ने कहा कि भिलाई के सभी बच्चों की शीघ्र भारत वापसी के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इस संबंध में उच्च स्तरीय पहल की जा रही है। वोरा ने दीप्ती से कहा कि चिंता न करें। शीघ्र ही आप लोगों की सकुशल भारत वापसी हो जाएगी।

वोरा से बातचीत के दौरान दीप्ती ने बताया कि उन्होंने अन्य स्टूडेंट्स के साथ हॉस्टल के बेसमेंट में रात गुजारी है। यहां भोजन की कमी हो गई है। स्नैक्स आदि खाकर ही रहना पड़ रहा है। ज्यादातर समय मोबाइल बंद रखते हैं क्योंकि बैट्री खत्म होने का अंदेशा है। दीप्ती ने वोरा को बताया कि सुबह होने पर बेसमेंट से वापस हॉस्टल के कमरे में रहने आ गए हैं। सुबह से यहां स्नो फॉल होने के कारण ठंड काफी बढ़ गई है। वोरा ने दीप्ती का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जरा भी चिंता न करें। युद्ध के माहौल में सुरक्षित तरीके से अच्छे से रहने की समझाईश देते हुए वोरा ने कहा कि आप सभी की वापसी के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है।

### वोरा ने कलेक्टर से भी चर्चा की

विधायक अरुण वोरा ने दीप्ती के परिजनों को हिम्मत बंधाते हुए कहा कि फिक्र न करें। सभी लोग यूक्रेन में फंसे लोगों की सकुशल वापसी की कामना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ के लोगों को वापस भारत लाने के लिए संवेदनशीलता के साथ पहल की जा रही है। बाद में वोरा ने कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे से भी चर्चा की। वोरा ने कलेक्टर से कहा है कि दीप्ती सहित अन्य स्टूडेंट्स की वापसी के लिए आवश्यक व्यवस्था करने उच्च स्तर पर लगातार प्रयास जारी रखें।

### मुख्यमंत्री से मिलेंगे वोरा

वोरा ने कहा है कि भिलाई के मेडिकल स्टूडेंट्स की सकुशल वापसी के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शीघ्र मुलाकात करेंगे। यूक्रेन के खारखीव में रहकर मेडिकल की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स के परिजनों के साथ सीएम से मिलकर इस संबंध में उचित पहल करने की अपील की जाएगी।

# शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए अधिकारी एवं कर्मचारी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में आयोजित शिरोमणि पुरस्कार समारोह में उपयोगिताएं जोन से उत्कृष्ट कार्य प्रदर्षित करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाली शिरोमणि एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस संदर्भ में हाल ही में आयोजित कार्यक्रम में अति उत्तम कार्य प्रदर्शन के लिए नजीम अख्तर अंसारी, वरि.प्रबंधक (ओपी-2) एवं कमलेष कुमार कन्नौजे, सहायक प्रबंधक (पीएलईएम) को पाली शिरोमणि तथा बुलु स्वैन, ऑपरेटर कम तकनीशियन (ओपी-2) एवं जीतेन्द्र कुमार, ऑपरेटर कम तकनीशियन (सीएस एंड सीडब्ल्यूपी) को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कोविड-19 महामारी के मद्देनजर समारोह के दौरान पुरस्कारों के संचालन और वितरण में सामाजिक दूरी के मानदंडो का पालन किया गया। कार्यक्रम में गिरीष ए सोरटे, मुख्य महाप्रबंधक (उपयोगिताएं), शषी जी पिल्ले, महाप्रबंधक (पीएलईएम), चिन्मय खान, महाप्रबंधक (सीएएस एवं सीडब्ल्यूपी), पी सी बाग, महाप्रबंधक (ओपी-2) एवं मोहम्मद नदीम खान, महाप्रबंधक (ओपी-2) ने पुरस्कार विजेताओं को प्रवीणता प्रमाण पत्र, स्मृतिचिन्ह और कर्मचारी के जीवनसाथी के लिए प्रषंसा पत्र प्रदान किया एवं कार्यक्रम में पुरस्कार विजेताओं के कार्यस्थल में योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को सराहा। इस कार्यक्रम का संचालन कार्मिक कार्यालय शक्ति एवं विद्युत द्वारा किया गया।

## संजय नगर तालाब का महापौर नीरज पाल ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। संजय नगर तलाब का निरीक्षण महापौर नीरज पाल ने किया, निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद रवि शंकर कुर्रे एवं महापौर के निज सचिव वसीम खान भी मौजूद थे। जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड चार में आने वाले तथा शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले सुपेला के समीप संजय नगर तालाब के सौंदर्यीकरण करने के लिए गत वर्ष के जनवरी में प्रस्ताव तैयार किया गया था। जिसकी स्वीकृति लागत 46.42 लाख है।**



महापौर ने तालाब विकास के कार्य की प्रगति देखी। विभागीय अधिकारियों ने निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर संजय नगर सुपेला तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य के लिए जनवरी 2021 में कार्य आदेश जारी कर दिया था। संजय नगर तालाब को संवारने के काम में एजेंसी के द्वारा क्यों ढील ढाल किया जा रहा है, इसकी जानकारी महापौर ने अधिकारियों से ली। जबकि निगमायुक्त प्रकाश सर्वे ने गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर काम कराने के निर्देश अधिकारियों को दे चुके हैं।

प्राक्कलन के आधार पर संजय नगर तालाब के आईलैंड में फव्वारा, घाट के किनारे पाथवे निर्माण, गार्डन सौंदर्यीकरण के कार्य, चारों ओर पेवर ब्लॉक और रैंप, सिंचाई के लिए बोर की व्यवस्था, पौधों को पानी देने के लिए पाइप लाइन, भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण, हाई मास्क लाइट, तालाब के चारों ओर एलईडी लाइट की रोशनी का कार्य तालाब के विकास के लिए शामिल किया गया था, परंतु काफी समय से काम में प्रगति नजर नहीं आ रही है। संजय नगर सुपेला तालाब शहर के प्रमुख तालाबों में से एक है। इसकी धीमी प्रगति को लेकर महापौर नाराजगी भी जाहिर कर चुके हैं, सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 6 माह की अवधि एजेंसी को दी गई थी और इसका काम आजाद मार्केट रिसाली के एजेंसी रविंद्र प्रसाद भगत को दिया गया है। महापौर ने तालाब विकास एवं इसके सौंदर्यीकरण की धीमी प्रगति को लेकर अधिकारियों को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।

# 100 करोड़ की लागत से बन रही कुम्हारी में बड़ी अधोसंरचनाएं, छह महीने में कार्य समाप्त करने के निर्देश

## कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने किया निरीक्षण, बरसात पूर्व कार्य समाप्त करने के दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। भूमिगत जल के रिचार्ज के बड़े साधन तालाबों के संरक्षण की दिशा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। कुम्हारी के बड़े तालाबों की स्थिति काफी जर्जर थी। पानी दूषित था, तालाब मृतप्राय हो रहे थे। इनके संवर्धन की बड़ी योजनाओं पर काम करने का निर्णय लिया गया और तेजी से इस पर काम भी आरंभ हो गया। बरसात पूर्व इन सभी में काम पूरा हो जाने की उम्मीद है।**



कुम्हारी नगरपालिका में लगभग सौ करोड़ रुपए की लागत से बड़ी अधोसंरचनाएं तैयार हो रही हैं। आज इनके निरीक्षण के लिए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने कुगदा अंडर ब्रिज के प्रस्तावित निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इसके बाद चंदनिया तालाब के निर्माण कार्य को देखा। यहां पर्यावरण अधोसंरचना मद से 1 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य हो रहा है। इससे पानी का रिचार्ज भी होगा और तालाब भी खूबसूरत दिखेगा। इस तालाब का उपयोग छठ तालाब के रूप में होता है। कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश हैं कि लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाएं मिले। शुद्ध पेयजल के साथ ही स्वच्छ परिवेश भी उपलब्ध हो, इसे पूरा करने की दिशा में युद्धस्तर पर कार्य करें।

पिछले दौरे में तालाब की सूरत बिगड़ी हुई थी, अब भव्य निर्माण कार्य से निखरने लगा तालाब का रूप- कलेक्टर ने डीएमसी तालाब के निर्माण कार्य का अवलोकन भी किया। पिछली बार जब कलेक्टर यहां दौरे पर आये थे तब इस तालाब की स्थिति बहुत खराब थी।

थोड़ा सा ही पानी बचा था और वो भी काफी दूषित था। शासन ने तालाब के सौंदर्यीकरण एवं तालाब के पानी की स्थिति को सुधारने के लिए भेजा गया प्रस्ताव स्वीकृत किया। अब इस पर 3 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से कार्य हो रहा है। पानी ठीक करने एसटीपी प्लांट लगाया गया है। तालाब के खूबसूरत व्यू को देखने के लिए व्यू प्वाइंट बनाया जा रहा है। पूरा होने के बाद तालाब की सुंदरता पूरी तरह से निखर जाएगी।

जंजगिरी तालाब भी विकसित होगा- जंजगिरी तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 5 करोड़ 32 लाख रुपए स्वीकृत किये गये हैं। इससे तालाब में सौंदर्यीकरण भी होगा और भूमिगत जल का रिचार्ज भी होगा। कलेक्टर ने इसके निर्माण कार्य के संबंध में विस्तार से निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने परसदा, जंजगिरी आदि में पार्क जैसी अधोसंरचना के निर्माण के निर्देश भी दिये। उन्होंने सीएमओ जितेंद्र कुशवाहा को पेयजल आदि बुनियादी सुविधाओं पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि कुम्हारी में पेयजल प्रदाय के लिए एक बड़ी जलआवर्धन योजना पर शीघ्र ही कार्य होगा। इस दौरान एसडीएम बृजेश क्षत्रिय भी उपस्थित थे।

तहसील कार्यालय का भी किया निरीक्षण- कलेक्टर ने भिलाई तीन में नवनिर्मित तहसील भवन का निरीक्षण भी किया। इस दौरान आयुक्त कीर्तिमान राठौर भी मौजूद रहे।

# निगमायुक्त प्रकाश सर्वे ने जोन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, ऑफिस ड्यूटी से नदारद कर्मचारी को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने जोन क्रमांक 2 एवं जोन क्रमांक 3 कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक कर्मचारी अनुपस्थित पाई गई, जिन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश आयुक्त ने दिए हैं।



आयुक्त अचानक वैशाली नगर जोन कार्यालय पहुंचे उन्होंने वहां की पेयजल की शिकायत पंजी का अवलोकन किया, शिकायत के बाद इसके निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी ली और फील्ड में निराकरण के बाद पंजी इस अनुरूप संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक सेवा केंद्र का निरीक्षण किया तथा वहां पर मौजूद हितग्राही जो ज्यादातर आधार कार्ड बनवाने, नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर एवं अन्य त्रुटि सुधारवाने पहुंचे थे उनसे उन्होंने चर्चा की।

आयुक्त ने निर्देश दिए कि दिव्यांग, प्रेग्नेंट महिला, छोटे-छोटे बच्चो को लेकर पहुंचने वाली महिलाओं और बुजुर्गों को प्राथमिकता के आधार पर उनका आधार कार्ड बनवाएं। ज्यादा भीड़ होने पर उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर कार्ड बनवाने और जितने अधिकतम कार्ड एक दिन में बन जाए इसके अतिरिक्त आने वाले लोगो के फार्म को एक्सेप्ट करके प्रक्रिया जारी रखने और उन्हें निर्धारित समय देकर उनका निराकरण करने कहा ताकि भीड़ और अनावश्यक परेशानी हितग्राहियों को न हो। निगमायुक्त ने कार्यालय के अन्य विभागो का भी निरीक्षण किया, इस दौरान एक कर्मचारी सोनामणि चौधरी उपस्थिति रजिस्टर में दस्तखत करने के बाद ड्यूटी समय से बिना बताए गायब मिली, जिन्हें नोटिस थामने आयुक्त ने जोन आयुक्त पूजा पिल्ले को निर्देश दिए। कार्यालय में व्यापक साफसफाई रखने भी कहा। मदर टैरेसा नगर जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण आयुक्त ने किया और उन्होंने लोक सेवा केंद्र, राजस्व विभाग, संपत्तिकर की वसूली, कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति की जानकारी जोन आयुक्त ऐशा लहरे से ली। उन्होंने कहा कि आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल की समस्या के लिए सभी जोन टोल फ्री नंबर जारी करें और इस आधार पर समस्याओं का समाधान करें, ताकि समस्यायों को लेकर निगम दफ्तर लोगो को आने की जरूरत न पड़े। आयुक्त ने जवाहर नगर में आयोजित स्लम स्वास्थ्य शिविर का जायजा लिया उन्होंने चिकित्सक से बात की और दवाई की उपलब्धता की जानकारी ली वही उन्होंने मरीजों से फीडबैक भी लिया।

## पर्यावरण सुधार के साथ मिलेगा छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़ने का संदेशः वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कोरोना प्रोटोकॉल के कारण विगत वर्ष में आयोजित नहीं किया जा सका फ्लॉवर शो एक बार फिर से 27 फरवरी को राजेन्द्र पार्क में आयोजित किया जा रहा है।**

तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने आयोजन के संकल्पना की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि अब तक पर्यटन, आमोद प्रमोद एवं मनोरंजन के नाम पर शहर वासियों को भिलाई या राजधानी रायपुर का रुख करना पड़ता था लेकिन अब शिवनाथ नदी में बोटिंग सुविधा, प्रतिवर्ष फ्लावर शो का आयोजन हो रहा है। ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट जल्द जनता के लिए उपलब्ध होगा ,प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद परिस्थितियों में बदलाव आया है सभी क्षेत्रों का समदर्शी विकास किया जा रहा है। दुर्ग निगम में 20 वर्ष तक काबिज रहने के बाद भी भाजपा ने जिन चीजों की अनदेखी की अब कांग्रेस परिषद उन सभी कार्यों को जनभावनाओं के अनुरूप पूर्ण कर रही है।

राजेन्द्र पार्क में आयोजित किए जाने वाले फ्लॉवर शो से ना सिर्फ आम जनों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा बल्कि विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉल से अपने प्रदेश की मूल संस्कृति से जुड़ने का मौका भी मिलेगा। श्रद्धा सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

# भोले बाबा और मां पार्वती की संगीत संध्याः खुर्सीपार में जमकर थिरके श्रद्धालु, दिल्ली की झांकियों में देखने को मिली भोले की लीला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई शहर में महाशिवरात्रि पर निकलने वाली भोले बाबा की बारात से पहले गुरुवार शाम को संगीत संध्या का आयोजन किया गया। शाम 7 बजे से संगीत संध्या की शुरुआत हुई जो देर रात तक चली। न्यू खुर्सीपार स्थित अग्रसेन भवन में यह रंगारंग आयोजन हुआ। दिल्ली के भजन सम्राट मनोज अपनी टीम के साथ प्रस्तुति दिया।**



बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि, पिछले वर्ष की तरह इस साल भी संगीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें भोले बाबा और मां पार्वती की झांकी देखने को मिली। शिव-पावर्ती विवाह से लेकर तांडव नृत्य देखने को मिला। इसके अलावा सुदामा के चरित्र का भी झांकियों में चित्रण किया गया। शिव भोले की अन्य लीलाएं भी श्रद्धालुओं ने देखी। बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मेयर नीरज पाल मौजूद रहें। उन्होंने आयोजन को काफी सराहा और भोले बाबा की बारात में शामिल होने के लिए लोगों से अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता में रतनलाल अग्रवाल ने की। उन्होंने सफल आयोजन की बधाई देते हुए कार्यक्रम को सराहा और आने वाले दिनों में भव्य आयोजन की शुभकामनाएं दी। विशेष अतिथि के रूप में एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, पार्षद रिकेश सेन ,भोजराज सिन्हा, महेश वर्मा, श्यामसुंदर राव, वीणा चंद्राकर, पीयूष मिश्रा, लक्ष्मी साहू, गिरीजा बंछोर, लक्ष्मी दिवाकर, सरिता बघेल, पिंकी साहू, स्मिता दोड़के, मुकेश अग्रवाल, शकुंतला साहू, विनोद चेलक समेत अन्य भाजपा पार्षद मौजूद रहें। मंच संचालन श्रीमती सुमन कनौज ने किया। राधाकृष्ण संग खेली फूलों की होली- अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि, संगीत संध्या में राधाकृष्ण के साथ फूलों की होली खेली गई। राधाकृष्ण के भेष में पहुंचे कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। सबका मन मोह लिया और सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर शिव-पार्वती की संगीत-संध्या में खो गए। दया सिंह ने बताया कि संगीत-संध्या में पहुंचे सभी लोग थिरकते रहे। भोले बाबा की बारात में शामिल होने की अपील की गई है। 1 मार्च को महाशिवरात्रि के अवसर पर भोले बाबा की बारात निकलेगी। 15 हजार कार्ड बांटे गए, इस बार भव्य- आयोजन समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि, शासन-प्रशासन, डॉक्टर, वकील, पुलिस, व्यापारी, महिला समेत सभी वर्गों के लोग इस आयोजन को लेकर उत्साहित हैं। उन्हें कार्ड का इंतजार था। हर बार भिलाई के सभी वर्गों को आमंत्रण दिया जाता है। सभी ने आश्वास्त किया है कि वे 1 मार्च को भिलाई में निकलने वाले भोले बाबा की बारात में शामिल होंगे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950